Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 276 | मंगलवार, 07 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सार संक्षेप

### चुनाव आयोग की खास पहल, बुजुर्ग और दिव्यांग घर से कर सकेंगे वोट

**पटना।**

यदि आपकी उम्र 85 वर्ष से अधिक है या दिव्यांगता के कारण बूथ पर पहुंचने से लाचार हैं तो आप घर बैठे मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। इसके लिए आपको अपने बूथ लेवल अफसर से संपर्क करना होगा। वह आपको एक फार्म देंगे, जिसे भरकर वापस करना होगा।इसके बाद घर बैठे मतदान की व्यवस्था की जाएगी।

यह जानकारी सोमवार को जिलाधिकारी डा. त्यागराजन एसएम ने दी।उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए हर एक मत महत्वपूर्ण है। बिहार विधानसभा चुनावों में अधिकतम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने यह व्यवस्था की है।इससे बुजुर्ग व असमर्थ मतदाताओं को बूथ तक आने-जाने की समस्या से राहत मिलेगी और वे आसानी से मताधिकार का



प्रयोग कर सकेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता व दिव्यांगजन घर बैठे मतदान की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपने बीएलओ से संपर्क कर मतदान के लिए घर पर व्यवस्था का अनुरोध करना होगा। बीएलओ की जानकारी नहीं होने पर चुनाव आयोग के हेल्पलाइन नंबर 1950 या मोबाइल एप ईसीआइ नेट से मतदाता सीधे बीएलओ को फोन या संदेश भेज मतदान सुविधा संबंधी प्रश्न या आवेदन कर सकते हैं।

### बदरीनाथ धाम में पहली बार आरएसएस का पथ संचलन



**गोपेश्वर।**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने पर चल रहे कार्यक्रमों के बीच बदरीनाथ धाम में पहली बार पथ संचलन हुआ। शरद पूर्णिमा पर सोमवार को स्वामीनारायण मंदिर से शुरू हुआ पथ संचलन बदरीनाथ धाम के सिंह द्वार पर संपन्न हुआ। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने बदरीनाथ धाम में दर्शन भी किए। पथ संचलन में 300 से अधिक स्वयंसेवकों ने गणवेश के साथ भाग लिया।

**300 से अधिक स्वयंसेवकों ने लिया भाग**

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामीनारायण मंदिर में दीप प्रज्वलन, ध्वजारोहण और नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे प्रार्थना के साथ हुआ। इसके बाद स्वयंसेवक बैंड की धुनों, वंदेमातरम और भारत माता की जय के उदघोष के साथ बदरीनाथ धाम के माणा रोड, बस टर्मिनल मार्ग, मंदिर मार्ग होते हुए साकेत तिराहे से बदरीनाथ मंदिर की ओर आगे बढ़े। इस मौके पर प्रांत प्रचारक डा. शैलेन्द्र ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति और संस्कारों का यह प्रभाव है कि आज विश्व के 60 देशों में संघ की शाखाएं हैं। संघ व्यक्ति केंद्रित नहीं बल्कि सर्वसमावेशी और सह अस्तित्व की भावना में विश्वास रखता है। संघ के कार्यकर्ता का जीवन मातृभूमि के लिए न्यौछावर है। ऋषि मुनियों की विरासत सनातन संस्कृति को बचाने का काम संघ का है।

## जयशंकर ने पाकिस्तान को दिखाया आईना

# 'पड़ोसी अच्छे हों या नहीं, भारत अब तुलना से आगे बढ़ चुका है'

**नई दिल्ली।**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इशारों-इशारों में पाकिस्तान को खुब लतारा। उन्होंने कहा कि भारत अब अपने पड़ोसियों से तुलना (हायफनेशन) नहीं चाहता। उन्होंने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर तंज कसते हुए कहा कि कठिन पड़ोसी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, लेकिन भारत को इतना सक्षम बनना होगा कि तुलना की जरूरत ही न रहे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बिना नाम लिए नापाक पड़ोसी पाकिस्तान को खुब लतारा। उन्होंने कहा कि भारत के कई पड़ोसी हैं, लेकिन सभी एक जैसे नहीं हैं।कुछ अच्छे हैं और कुछ कम अच्छे। इस दौरान उन्होंने इशारों-इशारों में पाकिस्तान का नाम लिए बिना तंज कसा। जयशंकर ने कहा कि तुलना (हायफनेशन) हमेशा उस पड़ोसी के साथ होती है जो व्यवहार में अच्छा नहीं होता। विदेश मंत्री ने ये बात जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में सोमवार को ह्यअरावली समिट 2025' के उद्घाटन सत्र में बोली।इस दौरान उन्होंने मजबूत होती भारत की स्थिति से संबंधित कई अहम पहलुओं पर बातचीत की। साथ ही उन्होंने भारत के पड़ोसी देशों को लेकर भी अहम बातें की।

### 70 के दशक जैसी तुलना अब नहीं होती

इस दौरान विदेश मंत्री ने याद करते हुए कहा कि जब वे 1970 के दशक में विदेश सेवा में आए थे, तब भारत और पाकिस्तान के बीच अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अक्सर तुलना होती थी। लेकिन अब वैसी बात नहीं होती। आज जब मैं दुनिया के नेताओं से मिलता हूं, तो वैसी तुलना सुनने को नहीं मिलती जैसी पहले होती थी।



### भारत-पाकिस्तान मैच के भविष्य पर उठने लगे सवाल

**नई दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला मैच हमेशा से वैश्विक क्रिकेट में चर्चा का केंद्र रहा है लेकिन इस बार एशिया कप में जो हुआ वैसा पहले कभी नहीं हुआ। यही कारण है कि अब इसके भविष्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान कप्तान माइकल अथर्टन ने आईसीसी को भारत और पाकिस्तान के बीच मैचों को व्यवस्थित करने पर फिर से विचार करने की सलाह दी है। भारत और पाकिस्तान द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलते हैं। पिछले कुछ सालों में एशिया कप, टी-20 विश्व कप, वनडे विश्व कप और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बहुदेशीय टूनामेंट में ही ये दोनों टीमें आपस में भिड़ती नजर आईं हैं। भारतीय टीम ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में दुबई और शारजाह में संपन्न हुए एशिया कप में पाकिस्तान के विरुद्ध लीग मैच में हाथ नहीं मिलाने का निर्णय लिया। यही नहीं कप्तान सूर्य कुमार यादव ने उस हमले के मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की और आपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सशस्त्र बलों के साथ खड़े होने की बात कही।

## युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सेना कर रही एआई का इस्तेमाल

**नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में अधिक गति और सटीकता लाने के लिए भारतीय सेना ने अपने युद्धक उपकरणों में एआई को शामिल करने के लिए परिवर्तनकारी पहल शुरू की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियर्स (ईएमई) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव कुमार साहनी ने कहा कि सेना एक स्वदेशी एकीकृत एआई प्लेटफॉर्म विकसित कर रही है, जो एक ही सुरक्षित ढांचे पर परिचालन, खुफिया, रसद और प्रशिक्षण अनुप्रयोगों को एकीकृत करेगा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी एआई



इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि एआई को एक सुव्यवस्थित और सतर्क तरीके से अपनाया जा रहा है। लेफ्टिनेंट जनरल साहनी ने कहा कि कर्मियों के लिए जोखिम को कम करने, निर्णय लेने में सुधार लाने और लचीलापन बढ़ाने के लिए एआई को बढ़ावा दिया जा रहा है। सैन्य अधिकारी ने कहा कि एआई संचालित अभियानों में विश्वसनीयता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत परीक्षण की जरूरत है।

## दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में हुई झमाझम बारिश

**नई दिल्ली।**

दिल्ली एनसीआर में सोमवार को दिन में रुक रुककर हुई बारिश के बाद देर रात को भी कई इलाकों में झमाझम बारिश देखने को मिली है।

इससे तपमान में गिरवाट आई है। दिल्ली-एनसीआर में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। रविवार देर रात से शुरू हुआ बारिश का दौर सोमवार को भी जारी रहा। सोमवार को दिन में रुक रुककर हुई बारिश के बाद देर रात को भी कई इलाकों में झमाझम बारिश देखने को मिली है। इससे तपमान में गिरवाट आई है। इसके कारण सोमवार 2011 के बाद से और इस महीने का सबसे ठंडा दिन रहा, जहां वर्ष 2011 में अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री



सेल्सियस दर्ज हुआ था। वहीं, सोमवार को राजधानी में अधिकतम तापमान सामान्य से 7.7 डिग्री कम के साथ 26.5 और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ऐसे में लोगों को ठंडक का एहसास हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, बारिश का यह दूर पश्चिमी विक्षोभ के चलते हो रहा है। एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर-पूर्वी अफगानिस्तान और समीपवर्ती पाकिस्तान के ऊपर समुद्र तल से 3.1 और 5.8 किमी ऊपर बना हुआ है, जिसकी ऊपरी क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक गर्त बना हुआ है।

## नोएडा में एलिवेटेड रोड के नीचे चलती बस में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**नोएडा।**

सेक्टर-128 में एलिवेटेड रोड के नीचे सोमवार शाम को विश्व भारती स्कूल के पास एक चलती हुई प्राइवेट बस में आग लग गई। गनीमत रही कि धुआं निकलता देखकर सवारीं नीचे उतर गईं। चालक भी वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। अग्निशमन कर्मियों ने दो गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पा लिया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। लोगों ने बताया कि बुलंदशहर नंबर की बस शाम करीब चार बजे सेक्टर-62 से होकर सेक्टर-37 की तरफ जा रही थी। एलिवेटेड रोड के नीचे पहुंचते ही अचानक धुएं के बाद आग की लपटें उठने लगीं।



## बांग्लादेश चुनाव पर भारत का रुख

### मिस्री बोले- निष्पक्ष-समावेशी चुनाव के समर्थन में भारत



**नई दिल्ली।**

बांग्लादेश में आम चुनाव फरवरी में होने वाले है। इस चुनाव को लेकर भारत का क्या रुख है? इस बात को पर पड़ोसी देश अपनी नजर बनाएं हुए है। ऐसे में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने इससे संबंधित सभी सवाल और इस चुनाव को लेकर भारत का रुख और संदेश साफ कर दिया। आइए जानते है कि बांग्लादेशी पत्रकारों से बातचीत के दौरान मिस्री ने क्या-क्या कहा? बांग्लादेश में अगले साल फरवरी में आम चुनाव होने है। इस बात पर बांग्लादेश के साथ-साथ आसपास के कई देशों में चर्चा तेज है। ऐसे में भारत ने भी एक अच्छे पड़ोसी होने के नाते इस चुनाव को लेकर अपना रुख साफ कर दिया है। भारत ने साफ कहा है कि वह बांग्लादेश में जल्द से जल्द मुक्त, निष्पक्ष और सभी पक्षों को शामिल करने वाले चुनाव कराने के पक्ष में है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को यह भी स्पष्ट किया कि भारत बांग्लादेश की जनता द्वारा चुनी गई किसी भी सरकार के साथ काम करने को तैयार है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 अक्तूबर को आएंगे सोनीपत



**सोनीपत।**

प्रदेश में भाजपा सरकार के 11 वर्ष और तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर आयोजित रैली में प्रधानमंत्री दर्जन से अधिक सड़क, औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 अक्तूबर को राजीव गांधी एजुकेशन सिटी, राई से एक बार फिर प्रदेश को विकास की नई उड़ान देंगे। प्रदेश में भाजपा सरकार के 11 वर्ष और तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर आयोजित रैली में प्रधानमंत्री दर्जन से अधिक सड़क, औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। एक दशक बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दूसरा दौरा होगा जब वह राई की इसी धरती से हरियाणा को नई योजनाओं की सौगात देंगे। वर्ष 2015 में उन्होंने यहीं से कुंडली-गाजियाबाद-पलवल (केजीपी) पेरिफेरल-वे व कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे का शुभारंभ किया था। वर्ष 2015 में जब केजीपी एक्सप्रेसवे की सौगात मिली थी तब राई और कुंडली औद्योगिक क्षेत्र विकास की दहलीज पर खड़े थे लेकिन आज तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। खरखौदा आईएमटी, मारुति इंडस्ट्रियल प्लांट, ग्रीनफील्ड हाईवे, दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस-वे और दिल्ली-मेरठ-लोहारू प्रोजेक्ट जैसी परियोजनाओं ने सोनीपत को औद्योगिक और लॉजिस्टिक दृष्टि से देश के मानचित्र पर मजबूत पहचान दी है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस-वे, ग्रीनफील्ड हाईवे, दिल्ली-मेरठ-लोहारू हाईवे, रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) तथा मारुति इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट जैसी योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास कर सकते हैं। इन परियोजनाओं के शुरू होने से उत्तर भारत का सबसे बड़ा औद्योगिक गलियारा आकार लेगा।

**हरियाणा को देंगे कई सौगात**

## संपादक की कलम से

# ज्यादातर शर्तें इजराइल के पक्ष मे

अमेरिकी प्रस्ताव पर हमास ने अपने बयान में कहा है कि वह बंधकों को रिहा करने और सत्ता अन्य फिलिस्तीनियों को सौंपने के लिए तैयार है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बीस सूत्री शांति योजना की कुछ शर्तों पर हमास की ओर से सहमति जताना वास्तव में महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम है। इसे गाजा में शांति कायम होने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है, क्योंकि इजराइल पहले ही इस योजना पर आगे बढ़ने को लेकर अपनी इच्छा जता चुका है। अब इजराइली सेना ने कहा है कि वह इस योजना के पहले चरण के लिए तैयारियां तेज करेगी। मगर, इजराइल की ओर से शनिवार को गाजा पर फिर हमला किए जाने की खबरों ने शांति के इन प्रयासों की राह में विरोधाभास पैदा कर दिया है। यह तब हुआ है, जब हमास की सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद अमेरिका ने इजराइल को गाजा पर हमले तुरंत रोकने को कहा। हालांकि, यह भी कहा जा रहा है कि इस ताजा हमले के पीछे स्थानीय कारण हो सकते हैं और इसे शांति के मार्ग में बाधा के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। मगर, ऊहापोह की इस स्थिति में इतना तय है कि अगर इजराइल और हमास एक-दूसरे पर फिलहाल हमले बंद करने का सैद्धांतिक तौर पर कोई ठोस निर्णय नहीं लेते हैं, तो इस योजना पर आगे बढ़ना आसान नहीं होगा। अमेरिकी प्रस्ताव पर हमास ने अपने बयान में कहा है कि वह बंधकों को रिहा करने और सत्ता अन्य फिलिस्तीनियों को सौंपने के लिए तैयार है। हालांकि, इस बयान में हमास के हथियार डालने के संबंध में कोई उल्लेख नहीं किया गया है, जो अमेरिकी प्रस्ताव में शामिल इजराइल की एक प्रमुख मांग थी। इसके साथ ही हमास ने प्रस्ताव की अन्य शर्तों पर कहा है कि इन्हें लेकर संगठन के भीतर कुछ विरोधाभास है, जिन पर विस्तृत चर्चा करने की जरूरत है। यानी हमास अभी इस प्रस्ताव पर पूरी तरह सहमत नहीं है। जाहिर है कि वह किसी भी नतीजे पर पहुंचने से पहले प्रमुख शर्तों के तात्कालिक एवं दूरगामी प्रभावों और आशंकाओं का आकलन करना चाहता है। अब सवाल यह है कि इजराइल ने बिना देर किए अमेरिकी प्रस्ताव पर तत्काल सहमति कैसे और क्यों जता दी! इसका जवाब प्रस्ताव की शर्तों में ही छिपा है। माना जा रहा है कि ज्यादातर शर्तें इजराइल के पक्ष में है और जहां उसे संदेह है, वहां कोई बीच का रास्ता निकालने की गुंजाइश बनी रहेगी। इजराइल-हमास युद्ध में मरने वालों की संख्या 67,000 से अधिक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि गाजा में शांति की इस पहल को एक अवसर के रूप लिया जाना चाहिए और दोनों पक्षों को इस पर बिना किसी संकोच के आगे बढ़ना चाहिए। साथ ही इस बात पर जोर दिया है कि अगर इजराइल ने गाजा में बमबारी तुरंत नहीं रोकी, तो शांति की कोशिशें पटरी से उतर सकती हैं।



ललित शर्मा
संपादक

# श्राद्ध में ठहरा समाज, सत्ता में चलता व्यापार



प्रियंका सौरभ

श्राद्ध पक्ष समाज को रोक देता है—शादी मत करो, गृहप्रवेश मत करो, नया व्यापार मत शुरू करो। लेकिन सत्ता की गाड़ी बिना ब्रेक के दौड़ती रहती है। नेता मंच सजाते हैं, मालाएँ पहनते हैं, उद्घाटन करते हैं, रैलियाँ करते हैं। धर्म का बोझ आमजन पर डाल दिया गया है, जबकि ताकतवर लोग उसे अपनी सुविधा के हिसाब से तोड़-मरोड़ लेते हैं। श्राद्ध का असली अर्थ था स्मरण और विनम्रता, पर राजनीति ने इसे दिखावे और स्वार्थ का तमाशा बना दिया। असली सवाल यही है—धर्म किसके लिए है? आमजन की आस्था के लिए या सत्ता की सुविधा के लिए?

धर्म क्या है? यह सवाल जितना सरल लगता है, उतना ही पेचीदा है। पंडित बताएगा—₹धर्म वही है जो शास्त्रों में लिखा है।₹ संत कहेगा—₹धर्म वही है जो मन को शुद्ध करे। नेता कहेगा—धर्म वही है जो वोट दिला दे। और आम आदमी कहेगा—₹धर्म वही है जो हमें रोकता है, डराता है और कभी-कभी चपत भी लगाता है। श्राद्ध पक्ष में यही धर्म सबसे ज्यादा सक्रिय हो जाता है। पितरों का समय है, यानी वह अवधि जब पुरखे धरती पर आते हैं और हमसे अपेक्षा करते हैं कि हम उन्हें याद करें, तर्पण करें और दान-पुण्य करें। इस दौरान शादी-ब्याह, गृहप्रवेश, नया व्यापार या कोई नया शुभ काम करने की मनाही है। समाज मानता है कि यह अशुभ काल है। यानी पूरा समाज रोक मोड में चला जाता है।

लेकिन राजनीति का समाज कभी रुकता नहीं। वहाँ श्राद्ध पक्ष में भी रैलियाँ होती हैं, फूल-मालाओं का आदान-प्रदान होता है, उद्घाटन होते हैं, माइक गरजते हैं और नेता जनता के सिर पर आशीर्वाद बरसाते हैं। कोई कहे—₹श्राद्ध में तो सब ठहर जाता है,₹ तो राजनीति ठहाके मारकर कहती है—₹हमारे लिए हर दिन शुभ है, क्योंकि सत्ता ही सबसे बड़ा धर्म है।₹

धर्म का असली मर्म है—सत्य, करुणा, न्याय और कर्तव्य। लेकिन आज यह रस्मों के बोझ तले दबकर रह गया है। राजनीति ने धर्म को अपनी चाकरी में लगा लिया है। धर्म कहता है—₹श्राद्ध में दिखावा मत करो, स्मरण करो।₹ राजनीति कहती है—₹श्राद्ध में भी माइक बजाओ, मंच सजाओ, वोट जुटाओ।₹ आम आदमी अपने पिता-दादा की आत्मा को तर्पण करने के लिए पानी में काले तिल डालता है। और नेता जनता की आत्मा को तर्पण करने के लिए मंच से झूठे वादे उछालता है। फर्क बस इतना है कि एक में चुप्पी है, दूसरे में शोर।

सूतक का नियम भी दिलचस्प है। किसी के घर मृत्यु हो जाए तो तेरह दिन तक अशुद्धि मानी जाती है। इस दौरान परिवार सामाजिक आयोजनों से दूर रहता है। यही नियम आम आदमी पर लोहे की तरह लागू है। लेकिन जब सत्ता की गाड़ी दौड़ती है, तो सूतक के सारे नियम ब्रेक की तरह फेल हो जाते हैं। नेता सूतक में भी शपथ ले लेता है, चुनाव लड़ लेता है, मंच पर मालाएँ पहन लेता है। क्यों? क्योंकि जनता का सूतक कभी खत्म नहीं होता और नेताओं का सूतक कभी शुरू ही नहीं होता। धर्म और परंपरा के नाम पर गरीब आदमी को रोका जाता है। ₹बेटा, श्राद्ध पक्ष में शादी मत करना।₹ ₹गृहप्रवेश रोक लो, वरना अशुभ होगा।₹ ₹नया व्यापार मत खोलो, पितृ नाराज होंगे।₹ पर उसी समय नेता उद्घाटन कर रहा होता है—चुनावी कार्यालय का, जनसभा पंडाल का, सड़क या पुल का। क्या पितर सिर्फ.आम आदमी के घर ही आते हैं? क्या उन्हें राजनेताओं के मंच पर आने से डर लगता है? या फिर पितरों ने भी मान लिया है कि वहाँ जाने से कोई फायदा नहीं, क्योंकि नेताओं का मन पहले से ही पापमोचन मोड में है। श्राद्ध का असली भाव था—पूर्वजों का स्मरण, मृत्यु का बोध और जीवन की नश्वरता को समझना। लेकिन इसे डर और दिखावे की परंपरा में बदल दिया गया। ब्राह्मण बुलाओ, दान करो, खाना खिलाओ, तभी पितर तृप्त होंगे। यानी धर्म एक सेवा से अधिक लेन-देन बन गया। नेताओं ने इसे और आगे बढ़ाया—धर्म को सौदेबाजी बना दिया। एक वोट दो, बदले में धर्म रक्षा का ठेका हम लेंगे।

अगर सच कहा जाए तो असली श्राद्ध तो राजनीति कर रही है—सच का, नैतिकता का और जनसेवा का। जनता उम्मीद की माला पहनाती है, नेता उसे झूठ की माला लौटा देता है। जनता पसीने से पितरों को याद करती है, नेता पसीने से भी वोट की गिनती करता है। जनता श्राद्ध में शांति चाहती है, नेता श्राद्ध में भी शोर मचाता है। यह कैसी विडंबना है कि समाज अपने पुरखों के लिए श्राद्ध करता है, और नेता जनता के वर्तमान का ही श्राद्ध कर देता है।

धर्म का बोझ हमेशा कमजोर कंधों पर क्यों डाला जाता है? गरीब को कहा जाता है कि अगर उसने श्राद्ध पक्ष में विवाह किया तो पितर नाराज हो जाएँगे। मध्यम वर्ग को कहा जाता है कि गृहप्रवेश टालो, वरना जीवनभर अशांति रहेगी। लेकिन अमीर और शक्तिशाली आराम से होटल का उद्घाटन करते हैं, क्रिकेट लीग शुरू करते हैं, और नेता वोटों का महोत्सव मनाते हैं। धर्म किसके लिए है? समाज को नियंत्रित करने के लिए या सत्ता को वैधता देने के लिए?

पितर अगर सच में धरती पर आते होंगे तो उन्हें सबसे ज्यादा हंसी अपने वंशज नेताओं पर आती होगी। सोचिए, वे देख रहे होंगे कि उनके घर की संतान जनता से कह रही है—₹श्राद्ध में मत नाचो-गाओ,₹ और खुद मंच पर डीजे की धुन पर कूद रही है। शायद पितर भी सोचते होंगे—₹हमारे श्राद्ध की चिंता छोड़ो, पहले इस राजनीति के पाखंड का श्राद्ध करो।

धर्म की असली ताकत आत्मा को झकझोरने में थी, पर इसे रस्मों का कैदी बना दिया गया। श्राद्ध हमें मृत्यु का बोध कराता था, पर राजनीति ने इसे भी अवसर बना लिया। आज आम आदमी पितरों के लिए जल तर्पण करता है, और नेता जनता के भरोसे का तर्पण करता है। फर्क बस इतना है कि पहले वाला श्रद्धा से करता है, दूसरा सत्ता से। धर्म अगर सच में जीना है तो इसे पाखंड और दिखावे से मुक्त करना होगा। वरना हर साल पितृ पक्ष में तो पूर्वज आएँगे ही, लेकिन सत्ता पक्ष रोज ही हमारे वर्तमान का श्राद्ध करता रहेगा।

# ताकि दवा जहर बन फिर से मासूमों की मौत न बने



ललित गर्ग

दो राज्यों राजस्थान और मध्य प्रदेश में कफ सिरप से जुड़ी बच्चों की मौत की घटनाएं देश की दवा नियामक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। यह केवल एक चिकित्सा त्रुटि या आकस्मिक दुर्घटना नहीं, बल्कि उस तंत्र की विफलता का प्रतीक है जिस पर जनता अपने जीवन की रक्षा के लिए भरोसा करती है।

दवा जैसी जीवनदायी वस्तु में भी जब लालच, लापरवाही या भ्रष्टाचार घुसपैठ कर जाते हैं तो वह अमृत भी विष बन जाता है। बच्चों की मासूम जानें जब घटिया या मिलावटी दवा के कारण चली जाती हैं, तो यह केवल परिवारों की नहीं, बल्कि पूरे समाज की नैतिकता एवं विश्वास की मृत्यु होती है। कफ सिरप में पाए गए विषैले तत्व-जैसे डाइएथिलीन ग्लाइकॉल या एथिलीन ग्लाइकॉल, पहले भी कई देशों में सैकड़ों बच्चों की जान ले चुके हैं। फिर भी बार-बार ऐसे हादसे होना इस बात का प्रमाण है कि भारत की दवा नियामक व्यवस्था में संरचनात्मक खामियां बनी हुई हैं। सवाल है कि पिछली गलतियों से क्या सीखा गया? भारत में बने कफ सिरप पहले भी सवालों में आ चुके हैं। 2022 में गाम्बिया में कई बच्चों की मौत के बाद डब्ल्यूएचओ ने एक भारतीय कंपनी के कफ सिरप को लेकर चेतावनी जारी की थी। इसके बाद भी कई और जगहों से इसी तरह की शिकायत आई। दवाओं के उत्पादन में भारत दुनिया में तीसरे नंबर पर है। करीब 200 देशों में यहां से दवाएं निर्यात होती हैं और जेनेरिक दवाएं सबसे ज्यादा यहीं बनती हैं। इन उपलब्धियों के बीच इन दो प्रमुख राज्यों में कफ सिरप की वजह से बच्चों की मौत शर्मनाक एवं त्रासदीपूर्ण है। इससे स्पष्ट है कि दवा के क्षेत्र में जिस तरह की निगरानी, मानक और सुरक्षा उपायों की जरूरत है, उसमें कोताही बरती जा रही है। दवा के रूप में जहर धडल्ले से मासूमों की मौत का कारण बन रहा है। इस घटना सामने आने के बाद कार्रवाई का दौर भले ही जारी है। दवाएं वापस ली गई हैं, केस दर्ज हुआ है और नैशनल रेगुलेटर अथॉरिटी ने कई राज्यों में जांच की है। इन घटनाओं से साफ है कि दवा निर्माण की प्रक्रिया में कच्चे माल के स्रोत से लेकर तैयार उत्पाद की गुणवत्ता जांच तक हर स्तर पर लापरवाही व्याप्त है। कई कंपनियां लागत घटाने के लिए औद्योगिक ग्रेड के सॉल्वेंट या रसायनों का प्रयोग कर लेती हैं जो मानव उपभोग के लिए निषिद्ध होते हैं। वहीं निरीक्षण और परीक्षण की सरकारी व्यवस्था न केवल कमजोर है बल्कि अक्सर प्रभावशाली कंपनियों के दबाव में निष्क्रिय भी हो जाती है। राज्य और केंद्र स्तर के दवा-नियामक विभागों में पर्याप्त संसाधन और तकनीकी क्षमता का अभाव है, जिससे समय पर निगरानी और सैंपल परीक्षण संभव नहीं हो पाता। जब निरीक्षण औपचारिकता बन



जाए और रिपोर्टें खरीद-फरोख्त की वस्तु बन जाएं, तब ऐसी त्रासदियां स्वाभाविक हैं। तमिलनाडु की दवा कंपनी श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के ह्यकोल्ड्रिफह्ण कफ सिरप के नमूने में 48.6 प्रतिशत डाई एथिलीन ग्लाइकॉल मिला है, जबकि अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार इसकी मात्रा 0.10 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह एक खतरनाक इंडस्ट्रियल केमिकल है, जिसका इस्तेमाल गाड़ियों और मशीनों में होता है। इसकी वजह से पीड़ित बच्चों की किडनी फेल हो गई। इन घटनाओं ने न केवल स्वास्थ्य प्रशासन की विश्वसनीयता को चोट पहुंचाई है बल्कि भारत की वैश्विक छवि पर भी धब्बा लगाया है। पिछले वर्षों में अफ्रीकी देशों में भी भारतीय सिरप से हुई मौतों के बाद कई देशों ने हमारे फार्मा उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया था। अब घरेलू स्तर पर घटित ऐसी घटनाएं यह दशार्ती हैं कि हमने उन हादसों से कोई सबक नहीं लिया। दुनिया के सबसे बड़े जेनेरिक दवा उत्पादक देश के रूप में भारत को यह मानना होगा कि केवल उत्पादन की मात्रा नहीं, बल्कि गुणवत्ता ही हमारी असली ताकत होनी चाहिए। इस संकट का सबसे पीड़ादायक पहलू यह है कि इसका शिकार वे मासूम बच्चे बने जिनकी प्रतिरोधक क्षमता अभी विकसित नहीं हुई थी और जिनकी जीवन रक्षा का उत्तरदायित्व समाज और राज्य पर है। इन मौतों की नैतिक जिम्मेदारी केवल दोषी कंपनियों पर नहीं, बल्कि उस पूरे तंत्र पर है जिसने नियमन और नैतिकता की आंखें मूंद लीं। दवाओं में मिलावट या गलत प्रमाणपत्र देना कोई साधारण अपराध नहीं बल्कि मानवता के खिलाफ किया गया घोर अपराध है। इस पर कड़े से कड़ा दंड होना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी निमार्ता या अधिकारी ऐसी हरकत करने से पहले सौ बार सोचे। भारत के फार्मास्युटिकल मार्केट का आकार लगभग 60 अरब डॉलर है। इसका बड़ा हिस्सा छोटी कंपनियों के पास है। सीडीएससीओ ने इस साल अप्रैल की अपनी रिपोर्ट में बताया था कि ज्यादातर छोटी और मझोली कंपनियों की दवाएं जांच में तयशुदा मानक से कमतर पाई गईं। इस जांच में 68 प्रतिशत एमएसएमई फेल हो गई थीं। इससे पहले, जब केंद्रीय एजेंसी ने 2023 में जांच की, तब भी 65 प्रतिशत कंपनियों की दवाएं सब-स्टैंडर्ड मिली थीं। प्रश्न है कि यह तथ्य सामने आने के बाद आखिर सरकार क्या सोच कर इन दवाओं को बाजार में विक्रय क्यों जारी रहने दिया? क्यों ऐसे हादसे होने दिये जाते रहे? यह आवश्यक है कि दवा उद्योग में कच्चे माल की ट्रेसबिलिटी सुनिश्चित की जाए, हर बैच की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हो और दवाओं के मानक अंतरराष्ट्रीय स्तर के हों। केंद्र और राज्य सरकारों को ड्रग इंस्पेक्टरों की संख्या और प्रयोगशालाओं की क्षमता बढ़ानी चाहिए। हर कंपनी के लाइसेंस नवीनीकरण के समय उसकी पिछली गुणवत्ता रिपोर्ट और परीक्षण परिणामों की समीक्षा की जानी चाहिए। जिन कंपनियों ने सुरक्षा मानकों का उल्लंघन किया है, उनके लाइसेंस तत्काल रद्द कर दिए जाने चाहिए और शीर्ष प्रबंधन को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। केवल प्रशासनिक कार्रवाई पर्याप्त नहीं, बल्कि इन मामलों में आपराधिक जिम्मेदारी तय करना भी जरूरी है। इसके साथ ही चिकित्सा जगत और समाज को भी आत्मचिंतन करना चाहिए। डॉक्टरों को यह समझना होगा कि शिशुओं को ओटीसी- ऑवर दी कॉउन्टर दवाएं देना कितना खतरनाक हो सकता है। सरकार द्वारा जारी परामर्श और चेतावनियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की जरूरत है। मीडिया को भी सनसनी से ऊपर उठकर जनता को जागरूक करने की जिम्मेदारी निभानी होगी। इन त्रासदियों को केवल समाचार बनाकर भुला देना नहीं, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य-सुधार के आंदोलन में बदलना समय की मांग है। क्योंकि सरकारी अनुमान से इस साल देश का दवा निर्यात 30 अरब डॉलर को पार कर जाएगा। वहीं, 2030 तक फार्मा मार्केट के 130 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। लेकिन, इसके साथ चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। दवाओं की जांच और निगरानी अभी तक की कमजोर कड़ी साबित हुई है। केंद्रीय और राज्य की नियामक एजेंसियों को ज्यादा बेहतर तालमेल के साथ, पारदर्शिता, ईमानदारी और ज्यादा तेजी से काम करने की जरूरत है, क्योंकि यह मामला केवल इकॉनमी या देश की छवि ही नहीं, अनमोल जिंदगियों से जुड़ा है। अंततः यह घटना हमें याद दिलाती है कि जीवन रक्षा के साधनों में जब नैतिकता का अभाव हो जाता है तो प्रगति की समूची इमारत ध्वस्त हो जाती है। दवा उद्योग में पारदर्शिता, जिम्मेदारी और मानवीय संवेदनशीलता को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। सरकार और समाज दोनों को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी बच्चे की जान किसी घटिया या मिलावटी दवा के कारण न जाए। जब तक दवा बनाने वाला और दवा बांटने वाला अपनी जिम्मेदारी को धर्म, करुणा, विश्वास और ईमानदारी की दृष्टि से नहीं देखेगा, तब तक ऐसी त्रासदियां दोहराई जाती रहेंगी।

इसलिए अब वक्त आ गया है कि हम दवा नहीं, दायित्व बनाएं, नियमन नहीं, निष्ठा पैदा करें और इस मानवता विरोधी अपराध के लिए दोषियों को उदाहरण स्वरूप कठोरतम दंड दें ताकि भविष्य में जीवन रक्षक औषधि फिर से विश्वास की प्रतीक बन सके।

# न्याय व्यवस्था के विरुद्ध 'अंबेडकर विचार मंच' का विशाल धरना-प्रदर्शन




एन0के0शर्मा

**नई दिल्ली:** देश की न्याय प्रणाली में बढ़ती असमानता, देरी, भ्रष्टाचार और जवाबदेही के अभाव के खिलाफ 'अंबेडकर विचार मंच' ने संस्था के जनक और पूर्व विधायक जौनपुर श्री अरशद खान के नेतृत्व में राजधानी के जंतर-मंतर पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। मंच के माध्यम से माननीय राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपकर, जनसमुदाय को संबोधित करते हुए श्री अरशद खान ने कहा कि अब भारत में न्याय नहीं, न्याय का व्यापार चल रहा है – जहाँ आम नागरिक का विश्वास टूट चुका है और अमीर व ताकतवर वर्ग कानून की पकड़ से परे दिखाई देता है।

मुख्य मुद्दे और मांगें:

**न्याय में देरी, न्याय से वंचित करने के समान:** प्रदर्शनकारियों ने कहा कि भारत में लाखों मुकदमे वर्षों से लंबित हैं। गरीब व्यक्ति अपने जीवन का अधिकांश हिस्सा अदालतों में गुजार देता है, लेकिन निर्णय तक नहीं पहुँच पाता। उन्होंने यह सवाल उठाया कि क्या यह वही न्याय है जिसकी परिकल्पना बाबा साहेब अंबेडकर ने की थी? आजकल प्रशासन, शासन के एक इशारे पर, सवाल उठाने मात्र पर निरपराध व्यक्तियों को जेल में डाल देता है, जो कि संवैधानिक स्वतंत्रता पर कुठाराघात है।

**न्यायपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित हो:** अंबेडकर विचार मंच के बैनरतले श्री खान ने कहा कि कार्यपालिका और विधायिका की तरह न्यायपालिका भी लोकतंत्र का स्तंभ है – परंतु आज यह स्तंभ किसी के प्रति जवाबदेह नहीं है। मंच ने मांग की कि न्यायपालिका के लिए एक लोकपाल जैसी स्वतंत्र निगरानी संस्था बनाई जाए, जो न्यायाधीशों के निर्णय और आचरण की समीक्षा कर सके।

**गरीबों के लिए न्याय सुलभ हो:** मंच के वक्ताओं ने कहा कि आज न्याय कीमत पर मिलता है। अधिवक्ता




शुल्क, अदालत की फीस, और बार-बार की तारीखें – इन सबने गरीब को न्याय से दूर कर दिया है। उन्होंने लीगल एड सिस्टम को मजबूत करने, हर जिले में निःशुल्क कानूनी सहायता केंद्र स्थापित करने की मांग की।

**न्यायिक सुधार आयोग का गठन:** मंच ने माननीय राष्ट्रपति और केंद्र सरकार से आग्रह किया कि एक राष्ट्रीय न्यायिक सुधार आयोग का गठन कर पूरे ढांचे की समीक्षा की जाए – जिसमें केस मैनेजमेंट सिस्टम, डिजिटल कोर्ट, जजों की नियुक्ति प्रक्रिया और जवाबदेही तंत्र पर ठोस सुधार किए जाएँ।

**संविधान की भावना की पुनर्स्थापना:** प्रदर्शनकारियों ने कहा कि भारत का संविधान समानता, न्याय और स्वतंत्रता की गारंटी देता है – लेकिन मौजूदा व्यवस्था ने इन सिद्धांतों को खोखला बना दिया है। संविधान ने हमें अधिकार दिए, लेकिन न्यायपालिका ने उन्हें विलंब और विवशता में बाँध दिया, – ऐसा कहना था मंच के प्रवक्ताओं का।

**धरने की प्रमुख बातें:** धरने में भारत किसान यूनियन, हिन्दुस्तान उद्योग व्यापार मंडल, मदर टेरेसा फाउंडेशन, नेशनल ह्यूमन राइट्स एण्ड मूवमेंट तथा देशभर से आए अनेक सहयोगी संगठनों, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता, विद्यार्थी और महिला संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। मंच के राष्ट्रीय संयोजक श्री अरशद खान ने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा – जब तक न्याय व्यवस्था में आमूल परिवर्तन नहीं किया जाता, तब तक लोकतंत्र अधूरा रहेगा। न्यायाधीश भी नागरिक हैं, और नागरिकों की तरह उन्हें भी जवाबदेह बनाना होगा।

उन्होंने जेलों में बन्द निरपराध व्यक्तियों की अविलम्ब रिहाई और मुकदमे वापस लेने की मांग की तथा वअढअ और ढरअ जैसे दमनकारी कानूनों की भी मीसा, टांडा और पोटा की तरह अविलम्ब निरस्त करने की मांग की।

**धरना-प्रदर्शन पूर्णतः** शांतिपूर्ण रहा, लेकिन नारों और तख्तियों के माध्यम से जनता का आक्रोश स्पष्ट झलकता रहा – न्याय में देरी, अब और नहीं!, संविधान की रक्षा करो, भ्रष्ट न्यायपालिका हटाओ जैसे नारों से जंतर-मंतर गूंज उठा।

**आगे की दिशा:** अंबेडकर विचार मंच ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ही न्यायिक सुधारों की दिशा में कदम नहीं उठाए, तो देशभर में चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। मंच ने कहा कि यह संघर्ष किसी व्यक्ति या संस्था के खिलाफ नहीं, बल्कि उस व्यवस्था के खिलाफ है जिसने न्याय को विशेषाधिकार बना दिया है।

## डोमन निषाद 'डेविल'



## क्या लिखूँ

कविता

क्या लिखूँ
मोहब्बत में
शुहरत में
चरम से
उत्तम से
विचलित हूँ
लिखूँ तो क्या लिखूँ ?
क्या गृहसंसार पर
यह शुभविचार पर
और नहीं तो अभिनंदन करूँ
शब्दों से सवाल करता हूँ
लिखूँ तो क्या लिखूँ ?
उलझन में हूँ
हे ईश्वर
आप ही बताओ
मेरी किस्मत में
लिखा तो क्या लिखा
दुविधा में हूँ
लिखूँ तो क्या लिखूँ ?

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर होंगे सुरक्षा के कड़े इंतेजाम

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** आगामी 12 अक्टूबर को जनपद में आयोजित होने वाली राज्य, प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा-2025 की तैयारियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थित में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने परीक्षा को शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रखी जाए और किसी भी अभ्यर्थी या कर्मी को मोबाइल, ब्लूटूथ, स्मार्टवॉच या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण केंद्र परिसर में लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए ताकि परीक्षा प्रक्रिया की सतत निगरानी की जा सके। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों पर मरम्मत, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्य समय से पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा से एक दिन पूर्व सभी तैयारियों की भौतिक समीक्षा कर लें और यह सुनिश्चित करें कि केंद्र पर किसी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने कहा कि परीक्षा की गोपनीयता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। इस मौके पर एडीएम प्रशासन डा. नितिन मदान, वरिष्ठ कोषाधिकारी रणजीत सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भगवान वाल्मीकि की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का संदेश दिया



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** भगवान वाल्मीकि सेवा समिति के तत्वधान मे भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर प्रभात फेरी निकाली जिसका शुभारंभ शहर विधयाक आकाश सक्सेना एवं पूर्व दर्जा राज्यमंत्री मंजू दिलेर ने फीता काट कर किया। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भगवान वाल्मीकि की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। भगवान वाल्मीकि ने महाकाव्य रामायण की रचना कर मानवता को सत्य, धर्म और आदर्शों का मार्ग दिखाया हैं। यह प्रभातफेरी भक्ति, शक्ति और संस्कृति के साथ ही सामाजिक समरसता का केंद्र बनेगी। प्रभात फेरी का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। प्रभात फेरी हाथीखाना से चलकर फूलो वाली बगिया, झंडा, पक्का बाग, अस्तावल, अखुन खेलान, मदरसा कोहना, तोपखाना, कुंडा से होती हुई संजय नगर हाथीखाना पर समाप्त हुई। समिति के महामंत्री विवेक सिंधवासी ने कहा कि वाल्मीकि प्रकट उत्सव अन्य कार्यक्रम भी आयोजित होंगे जिसमे सात अक्टूबर को विशाल भंडारा आयोजित किया जायगा। इस मौके पर राकेश सिंधवासी, सुदेश चैहान, राजू सुमन, ऋषभ ठाकुर ,हरि बाबू राज, आंनद प्रकाश, पंकज चंद्रा, प्रेम प्रकाश, विक्की राज, कमल तुरेहा, आदित्य सेठ, उज्वल चैहान,राम सिंह, हिमांशु सिधवासी, विकास राव, हर्षित, राम सिह, यशवीर आदि मौजूद थे।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी जंग बहादुर यादव को माननीय मुख्यमंत्री के नाम से संबोधित सौपा

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारी व व्यापारी तिलक नगर कॉलोनी कार्यालय से इकट्ठा होकर कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी महोदय कार्यालय पहुंचे वहां पर व्यापारियों ने एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी जंग बहादुर यादव को माननीय मुख्यमंत्री के नाम से संबोधित सौपा इस अवसर पर संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल ने कहा कि जनपद रामपुर में कारोबार पूर्णतया खत्म हो चुका है जनपद रामपुर में कारोबार की स्थिति अत्यधिक दयनीय हो चुकी है कोई उद्योग व लघु उद्योग जनपद में नहीं है नगर पालिका परिषद रामपुर द्वारा 50% हाउस टैक्स व वाटर टेक्स चार्ज अतिशीघ्र बढ़कर रामपुर की गरीब अर्थव्यवस्था से पीड़ित जनता पर व व्यापारी समाज पर जुल्म करने की दर्दनाक भयानक तैयारी कर रही है जिसको शीघ्र ही जनहित में रोका जाना अति आवश्यक है यहां पर कारोबार की स्थिति को देखते हुए जनता और व्यापारी समाज इतना ज्यादा जुल्म बर्दाश्त नहीं कर सकता यह तो रामपुर की जनता को तबाह बर्बाद करने की सोची समझी साजिश है इस तरह गरीबों पर अत्याचार कर उन्हें दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर करना जनहित में उचित नहीं है गरीब बेसहारा मजबूर ठेला चालक, पटरी दुकानदारों व छोटे कारोबार को नगर पालिका ने उजाड़ कर आज दिवस तक भी वायदा किया था कि प्रधानमंत्री स्वनिधि गलियारा में दुकान नहीं दी गई हैं नगर पालिका के अधिकारियो का दिल पसीज नहीं रहा है नगर पालिका की यहां की लगातार तानाशाही से परेशान होकर यहां के सारे 90% उद्योग समाप्त हो चुके हैं हमारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी से कहना है कि हाउस टैक्स व वॉटर टैक्स 50% बढ़ाएं ना जाने के आदेश अति शीघ्र जारी करने की कृपा करें

# अपराधियों में पुलिस का खौफ नजर आया अपराधियों ने जुर्म की दुनिया से की तौबा



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर**/जनपद में एसएसपी द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा अभियान के तहत अपराधियों का सत्यापन कराया जा रहा उसी क्रम में देखा गया है कि अहमदगढ़ थाना क्षेत्र में अपराधों में सम्मिलित रहे अपराधियों और मिट्टी खनन माफियाओं में थाना पुलिस का खौफ व्याप्त है वहीं क्षेत्र की जनता अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा के कार्यों की प्रशंसा कर रही है वहीं दूसरी तरफ अपराध करने वाले अपराधी थर-थर कांप रहे हैं सोमवार को थाना क्षेत्र में पूर्व में जघन्य अपराधों में सम्मिलित रहे आधा दर्जन से अधिक अपराधी स्वयं थाने में पहुंचे और अपने सीने पर तख्ती लगाकर अपराध नहीं करने की कसम खाने लगे और कहने लगे कि अब जुर्म की दुनिया से तौबा कर ली है साहब आगे से अपराध नहीं करेंगे अपराधियों के प्रति पुलिस का सख्त रुख देखते हुए अपराधी पुलिस से रहम की भीख मांगने लगे।

# आर आर पब्लिक स्कूल में मनाई गई अग्रसेन जयंती

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** अग्रवाल वैश्य समाज नूरपुर के तत्वाधान में आर आर पब्लिक स्कूल स्योहारा रोड नूरपुर में महाराजा अग्रसेन जयंती 2025 बड़ी धूमधाम से मनाई गई। जिसमें सुनीता गुप्ता मुख्य अतिथि महिला वैश्य संगठन उत्तर प्रदेश की प्रदेश संगठन मंत्री व डॉ पवन कुमार अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल वैश्य समाज नूरपुर एवं डॉ मनुजेंद्र गुप्ता कार्यक्रम अध्यक्ष आदि ने महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रणय मनु गुप्ता ने किया।

शशि अग्रवाल जिला अध्यक्ष वैश्य महिला संगठन बिजनौर, प्रमिला मित्तल, स्वाति रस्तौगी ने फूल माला व बुके देकर मुख्य अतिथि सुनीता गुप्ता प्रदेश संगठन मंत्री वैश्य महिला संगठन व उनके साथ आई हुई। शुभी रस्तोगी, शैफाली रस्तौगी का स्वागत किया। अग्रवाल वैश्य समाज नूरपुर के सभी लोगों ने मुख्य अतिथि को लक्ष्मी माता की प्रतिमा व बुके भेंट कर सम्मानित किया। अग्रवाल वैश्य समाज के बच्चों ने अपनी अपनी शानदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सत्यवीर गुप्ता, विनीत अग्रवाल, प्रमिला मित्तल, स्वाति रस्तौगी ने संगठन की महत्ता पर प्रकाश डाला व सनातन धर्म पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने बच्चों को धर्म के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया व बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ मनुजेंद्र गुप्ता ने सभी का आभार प्रकट करते हुए संगठन पर बल देने की बात कही। डॉ पवन कुमार अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल



वैश्य समाज नूरपुर ने सभी वैश्य समाज नूरपुर के लोगों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिल की गहराइयों से धन्यवाद दिया। सभी कमेटी मेंबर्स ने अपनी पूरी सहभागिता निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया प्रणय मनु गुप्ता, मनोज बंसल, गौरव मित्तल, राजीव गुप्ता, राजीव अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, सिद्दार्थ गुप्ता, प्राज्ञ गोयल, प्रदीप गुप्ता आदि का विशेष सहयोग रहा।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद का शशांक शर्मा को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया



**वेलकम इंडिया**

**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद, जनपद, मुरादाबाद के जिलाध्यक्ष,पी.एस. उपाध्याय (नीटू उपाध्याय) के द्वारा शशांक शर्मा को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। उनके निवास पर स्वागत का कार्यक्रम किया गया। शशांक शर्मा ने अपने शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। इस मौक पर जिला संरक्षक, हरीश दुबे (गुरुजी), जिला संयोजक, प्रोफेसर विनोद पांडे, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉ राजकुमार शर्मा, जिला महासचिव मुदित उपाध्याय, मार्गदर्शक, एडवोकेट श्याम मोहन पंडित, मार्गदर्शक धवल दीक्षित, प्रोफेसर संजय शर्मा, जिला सचिव प्रदीप शर्मा, अमित शर्मा, रजत शर्मा, गोविंद शर्मा, मुकेश शुक्ला, शोभित अग्रवाल, सुरेश शर्मा, गौरव शर्मा, वरिष्ठ संवाददाता शरद शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# सहारनपुर पुलिस की बदमाश के साथ मुठभेड़ एक लाख का इनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर

**वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी**

कल रात बाईक लूटकर भाग रहा 1 लाख का ईनामी गैंगस्टर बदमाश थाना सरसावा व थाना गागलहेडी पुलिस के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में हुआ ढेर मुठभेड़ में ढेर बदमाश के पास से 2 पिस्टल, 18 खोखा, 10 जिंदा कारतूस एवम लूटी हुई बाईक भी हुई बरामद इसे मुठभेड़ में थाना गागलहेडी प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा भी गोली लगने से हुए घायल,बाल बाल बचे थानाध्यक्ष सरसावा विनोद कुमार

कल देर रात बाईक लूटकर भाग रहा एक लाख का ईनामी बदमाश इमरान पुलिस मुठभेड़ में हुआ ढेर गागलहेडी थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार शर्मा भी गोली लगने से हुए घायल।थानाध्यक्ष सरसावा विनोद कुमार भी बुलेट प्रूफ जैकेट पहने हुए थे इसलिए बाल बाल बचे गागलहेडी थानाध्यक्ष प्रवेश शर्मा को कराया अस्पताल में भर्ती ढेर हुए बदमाश के कब्जे मौके से जिंदा/खोखा कारतूस, 2 पिस्टल 32 बोर तथा लूटी हुई बाईक भी हुई बरामद।आपको बता दें,कि शामली मुजफ्फरनगर एवम सहारनपुर में लूट/डकैती एवम राहजनी की घटनाओं को अंजाम देकर लोगों में दहशत का माहौल उत्पन्न करने वाला एक लाख का ईनामी बदमाश सरसावा क्षेत्र में बाईक लूट की घटना को अंजाम देकर गागलहेडी की और भाग रहा था।दोनों थानों के थाना प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा व विनोद कुमार तत्काल अपनी अपनी पुलिस टीमों के साथ बदमाश के पीछे भागे,जैसे ही इस बदमाश ने अपने पीछे पुलिस को आते देखा,तो इस बदमाश इमरान ने अपनी 32 बोर की पिस्टल से पुलिस फोर्स पर अंधाधुध फायरिंग शुरू कर दी,जैसे ही बदमाश द्वारा चलाई गोली थानाध्यक्ष गागलहेडी प्रवेश कुमार शर्मा को गोली लगी,तो अन्य टीम ने भी खुद को बचाते हुए बदमाश पर गोली चलाई,जिससे यह बदमाश इमरान पुत्र रज्जाक निवासी सोन्दा रसूलपुर थाना भवन जनपद शामली पुलिस की गोली से वही पर ढेर हो गया।आपको बता दें,कि बदमाश द्वारा चलाई गई गोली थानाध्यक्ष गागलहेडी प्रदेश कुमार को भी लगी,लेकिन वे बुलेट प्रूफ जैकेट पहने हुए थे इसलिए बच गए।ढेर हुआ हुए बदमाश इमरान के पास मौके से 2 पिस्टल 32 बोर, 18 खोखा तथा 10 जिंदा कारतूस तथा लूटी हुई बाईक भी हुई बरामद।ढेर हुए बदमाश पर एक लाख का ईनाम घौषित था।

जिस पर लूट,डकेती एवम राहजनी जैसे अनगिनत मुकदमें तीनों जनपदों के विभिन्न थानों मे दर्ज थे।घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी आशीष तिवारी,एसपी देहात सागर जैन एवम एसपी सिटी व्योम बिंदल भी मौके पर पहुंचे।



# मैक्स हॉस्पिटल वैशाली ने बड़ौत में शुरू की न्यूरोसर्जरी ओपीडी की सेवाएं

**वेलकम इंडिया**



**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली ने जनपद बागपत के बड़ौत स्थित मेडिसिटी हॉस्पिटल में एक्सक्लूसिव न्यूरोसर्जरी ओपीडी सर्विसेज की शुरूआत की। यह ओपीडी सेवाएं मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली के न्यूरोसर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ अजय प्रजापति की मौजूदगी में लॉन्च की गईं। डॉ अजय प्रजापति हर महीने के पहले और तीसरे सोमवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बड़ौत स्थित मेडिसिटी हॉस्पिटल में प्राइमरी कंसल्टेशन और फॉलो-अप के लिए उपलब्ध रहेंगे। प्रेस वार्ता में डॉ अजय प्रजापति ने बताया कि रीढ़ की समस्याएं जैसे लगातार कमर या गर्दन दर्द, स्लिप डिस्क, स्पाइनल डिफॉर्मिटी और इंजरीज आजकल युवा और बुजुर्ग दोनों में ही आम हो गई हैं। इसकी वजह से लाइफस्टाइल चेंज, उम्र बढ़ना और समय पर इलाज न मिलना है। अगर इन्हें नजरअंदाज किया जाए तो यह मोबिलिटी, इंडिपेंडेंस और क्वालिटी ऑफ लाइफ पर गंभीर असर डाल सकती हैं। इस ओपीडी की शुरूआत से मरीजों को अब लंबे सफर के बिना एक्सपर्ट कंसल्टेशन, सेकंड ओपिनियन और एडवांस ट्रीटमेंट गाइडेंस मिल सकेगा। बताया कि अगर लगातार कमर या गर्दन दर्द, हाथ-पैरों में झुनझुनी या सुन्नपन, कमजोरी, चलने में दिक्कत या अचानक यूरिन बॉवेल कंट्रोल खोने जैसे लक्षण दिखें तो इन्हें हल्के में न लें। समय पर एक्सपर्ट एडवाइस मिलने से जल्दी डायग्नोसिस और बेहतर रिजल्ट मिलते हैं। ट्रीटमेंट में आमतौर पर फिजियोथेरेपी, मेडिसिन्स, लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन और पेन मैनेजमेंट शामिल होते हैं, जबकि कुछ मामलों में सर्जरी की जरूरत पड़ती है। बताया कि आज मिनिमली इनवेसिव और रोबोटिक-असिस्टेड स्पाइन सर्जरी जैसी मॉडर्न टेकनीक के चलते सर्जरी और भी सेफ, कम दर्दनाक और ज्यादा असरदार हो गई है। इनसे छोटे चीरे, कम ब्लड लॉस, जल्दी रिकवरी और लंबे समय तक सुधार संभव है। इन ओपीडी सर्विसेज के जरिए मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली, अब बड़ौत और आसपास के इलाकों के लोगों को अपने शहर में ही एडवांस ट्रीटमेंट पर एक्सपर्ट कंसल्टेशन मुहैया कराएगा। इससे न केवल मरीजों को दिल्ली जाने की परेशानी से राहत मिलेगी बल्कि शुरूआती लक्षण पहचानने और समय पर इलाज पाने के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

# रेड क्रॉस सोसाइटी ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर।** रेड क्रॉस सोसाइटी जनपद बिजनौर विवेक आयुर्वेदिक कालेज द्वारा राजा हरवंश सिंह इंटर कॉलेज हल्दौर में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया कुंवर शिव महेंद्र सिंह एवं रानी पीतांबरी राजलक्ष्मी की पूण्य स्मृति में किया गया शिविर में करीब 468 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में नेत्र चिकित्सक, फिजिशियन, ऑर्थोपेडिक नाक, कान व गला फिजियोथैरेपिस्ट, प्राकृतिक चिकित्सा, एक्यूप्रेशर की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। शिविर में 468 रोगियों का परीक्षण किया गया तथा रोगियों को निःशुल्क दवायें वितरित की गई त्वचा रोग, खून, ब्लड प्रेशर और शिविर में डॉक्टरो की टीम डॉक्टर प्रतिभा ठाकुर, प्रीति श्रीवास्तव, मधुमिता दास, डॉक्टर हरप्रीत सिंह, डॉक्टर जितेंद्र सैनी, डॉक्टर ए आर जैदी, डॉक्टर आयुषी भारद्वाज, डॉक्टर अमन , डा उषा, डा हेमेंद्र तोमर, आदि ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में मरीजों को निशुल्क दवाई भी वितरित की गई तथा 250 नेत्र रोगियों को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेंद्र सिंह द्वारा किया गया शिविर के अन्त में कुंवर प्रमोद कुमार सिंह द्वारा अतिथि चिकित्सको को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर, डायरेक्टर डा सुबोध चन्द्र शर्मा, डा विशाल, योगेश ठाकुर, डा नरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे और राजा हरवंश सिंह इंटर कालेज के प्रबंधक, प्रधानाचार्य सभी का शिविर की उत्तम व्यवस्था करने के लिए आभार व्यक्त किया गया

# किसानों के मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह का जन्म दिवस जागृति दिवस के रूप में मनाया गया

**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक और किसानों के मसीहा बाबा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत का 90वां जन्मदिवस नगर के रामपुर मार्ग स्थित निरीक्षण भवन में भाकियू कार्यकताओं ने बड़े उत्साह और जोश के साथ ₹जागृति दिवस₹ के रूप में मनाया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि बाबा टिकैत का पूरा जीवन किसानों के अधिकार, सम्मान और हक के लिए संघर्ष की मिसाल है। वे एक महान नेता थे, जिनका एकमात्र लक्ष्य किसानों को इतना जागरूक करना था कि उनकी आवाज सत्ता के गलियारों तक पहुंचे। इस अवसर पर जिला सचिव साबिर अली,टाण्डा नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला, मोहम्मद रफीक, इंतिजार अली, जावेद ठेकेदार,हसीब अहमद, मसरूफ,ग्राम प्रधान डॉक्टर फारूक, कल्लू अब्बा,अकबर अली कलुआ,पूरन सिंह चौहान, तौकीर नेता जी, रियासत, जसवंत सिंह, रामकुमार, मोहम्मद याकूब,उमर फारूक,हसीन खां,हसीब खां और अब्दुल अलीम आदि मौजूद रहे।



# इंडस्ट्रियल गैस को मेडिकल ऑक्सीजन बताकर बेच रहा था दुकानदार, 31 सिलिंडर जब्त, आरोपी फरार

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** ट्रांसपोर्ट नगर में औषधि विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक गैस सर्विस पर छापा मारा। जिसके बाद टीम ने मौके से 31 ऑक्सीजन सिलिंडर बरामद किए, जिन्हें बिना लाइसेंस के मेडिकल ऑक्सीजन बताकर बेचा जा रहा था। जानकारी के मुताबिक, ठिरिया निजावत खां वार्ड-1 निवासी शफीक उर्फ बबलू पुत्र मोहम्मद हनीफ की ट्रांसपोर्ट नगर ए-ब्लॉक में ह्णअमृत गैस सर्विसह्ण नाम से दुकान है। औषधि निरीक्षक अनामिका अंकर जैन को सूचना मिली थी कि यहां बिना औषधि विक्रय लाइसेंस के मेडिकल ऑक्सीजन की अवैध बिक्री हो रही है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर जब औषधि निरीक्षक टीम के साथ मौके पर पहुंचीं, तो दुकान पर इंडस्ट्रियल ऑक्सीजन के सिलिंडर मिले जिन्हें मेडिकल ऑक्सीजन बताकर बेचा जा रहा था। छापेमारी के दौरान बबलू मौके से गायब मिला। टीम ने बताया कि बबलू अपनी दुकान में सीबीगंज के जोहरपुर की फर्म एम/एस अमृत गैस के नाम से जारी लाइसेंस का गलत इस्तेमाल कर रहा था। औषधि निरीक्षक ने बताया कि इंडस्ट्रियल ऑक्सीजन को मेडिकल ऑक्सीजन बताकर बेचना बेहद खतरनाक है, क्योंकि इंडस्ट्रियल ऑक्सीजन में अशुद्धियां होती हैं जो मरीज के लिए जानलेवा साबित हो सकती हैं। औषधि विभाग ने 31 सिलिंडर कब्जे में लेकर थाना बिथरी चैनपुर पुलिस को रिपोर्ट सौंपी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गन्ने के खेत में मोहब्बत का हुआ अंत, पेड़ से लटके चाचा-भतीजी के शव से इलाके में सनसनी

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** थाना फरीदपुर क्षेत्र के एक गांव में सोमवार सुबह गन्ने के खेत से दो लाशें मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने जब पास जाकर देखा तो पेड़ से लटके नाबालिग प्रेमी-प्रेमिका के शव थे। दोनों आपस में चाचा-भतीजी के रिश्ते में थे और पिछले नौ दिन से लापता चल रहे थे। सुबह खेत में काम करने गए किसानों ने जब पेड़ से लटकती दो लाशें देखीं तो उनके होश उड़ गए। देखते ही देखते पूरे गांव में खबर आग की तरह फैल गई। जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे तो चीख-पुकार मच गई।

ग्रामीणों के मुताबिक, दोनों अक्सर जंगल में घास काटने जाया करते थे। इसी दौरान उनके बीच प्रेम संबंध पनप गए। बताया जा रहा है कि परिवार वालों के डर से दोनों घर से भाग निकले थे। काफी खोजबीन के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार सुबह गांव से करीब एक किलोमीटर दूर तराई के जंगल में गन्ने के खेत के भीतर पेड़ से दोनों के शव लटके मिले। सूचना पर थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। शवों को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक, मामला प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग में आत्महत्या का लग रहा है, लेकिन हत्या की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। दोनों की मौत की खबर जैसे ही फैली, गांव में सन्नाटा पसर गया। परिजन बार-बार बेहोश हो रहे हैं। पुलिस पूरे मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

## कम टैक्स ज्यादा बजत

# घटी जीएसटी मिला उपहार धन्यवाद मोदी योगी सरकार: विधायक श्यामधनी राही

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी




**उसका/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत उसका बाजार सभागार में आत्मनिर्भर भारत व नेक्स्ट जेन जीएसटी, कम टैक्स ज्यादा बजत विषय पर आयोजित संगोष्ठी में सम्मिलित होकर अपने विचार रखे। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जनपद महाराजगंज प्रभारी राम जियावन मौर्या का और विशिष्ठ अतिथि सदर विधायक श्यामधनी राही का सारगर्भित संबोधन हुआ।

उक्त अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि जीएसटी दर कम करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की जनता को उपहार दिया है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश मे माफिया राज पर जीरो टालरेन्स का कार्य कर रहे हैं और यह उपहार आजीवन है। हम जनता की तरफ से मोदी जी और योगी जी का आभार और धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

इस अवसर पर कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही ने उसका बाजार में व्यापारीयों से मिलकर जीएसटी के बारे संवाद भी किया।कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत जायसवाल, जिला संयोजक दीपक मौर्या, घनश्याम मिश्रा, जिला पदाधिकारी सच्चिदानंद चतुर्वेदी, सतेंद्र पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष राजेश आर्या, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकमल, सहित उसका बाजार के व्यापारी एवं आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# योग में गोल्ड मेडल पाकर बेटियों ने लहराया परचम, किया गया स्वागत



**मिजार्मुराद।** सेवापुरी ब्लॉक के जोगियापुर गांव की तीन बेटियों ने योग में गोल्ड मेडल पाकर अपना परचम लहराया।उत्तर प्रदेश योगाशन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 6 स्टेट योगाशन स्पोर्ट चैंपियनशिप 2025 में एनल हाउस पब्लिक स्कूल पनकी कानपुर नगर में भाग लेकर जोगियापुर गांव की बेटी परी बिन्द व प्रियम बिन्द ने गोल्ड मेडल पाकर व वेदांशी बिन्द सिल्वर मेडल पाकर प्रदेश, जिला, गांव व क्षेत्र का नाम रोशन की।तीनों बेटियों के घर आने पर सोमवार को ग्राम प्रधान देवचंद यादव, जगनारायण बिन्द, रिंकू बिन्द, विनय सिंह, जयप्रकाश, गणेश बिन्द, बच्चा एवं कोच चंदन बिन्द ने बच्चियों का स्वागत करते हुए मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर स्वागत करते हुए उत्साहवर्धन किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किये।तीनो बच्चियां बरकी एम.एल पब्लिक स्कूल की छात्रा है।परी व प्रियम के पिता डॉ. गनेश कुमार बिन्द व वेदांसी के पिता रमाकांत बिन्द ने बच्चियों के मेडल पाने पर खुशी जाहिर किये।

# परीक्षा में टॉप 10 रैंक में स्थान पाकर छात्राओं ने कॉलेज का बढ़ाया मान



**मिजार्मुराद।** खोचवा गांव (रूपापुर) स्थित बसमत्ती देवी संकठा प्रसाद महिला पी.जी कॉलेज की छात्राओं ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टॉप 10 रैंक में स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन की।कॉलेज के प्रबंधक राजीव गौतम ने बताया कि अलग-अलग विषयो का पेपर हो रहा है जिसमें कॉलेज की छात्राओं ने भी भाग लिया था उसी में कॉलेज की शिक्षाशास्त्र विषय में आकांक्षा पांडेय, अंग्रेजी के विषय में निधि पांडेय, संध्या पटेल व उजाला राय व हिंदी के विषय में अनिता यादव एवं जंतु विज्ञान विषय में नाजिया फिरदौस तथा रसायन विज्ञान विषय में स्नेहा पांडेय ने सफलता प्राप्त कर कॉलेज परिवार के साथ क्षेत्र का नाम रोशन की है।प्रबंधक राजीव गौतम व प्राचार्य ने सफलता पाने वाली छात्राओं को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्राओं की लगन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।कॉलेज परिवार में इस उपलब्धि पर हर्ष और गर्व का वातावरण रहा।

# ट्रेलर में भिड़ा स्कूटी सवार मौत



**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के खजुरी गांव स्थित ओवरब्रिज पर सोमवार को चार बजे वाराणसी से प्रयागराज जाने वाले मार्ग पर खड़ी ट्रेलर के पिछले में भिड़ने से स्कूटी सवार मिजार्पुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र के कल्याणपुर निवासी आशीष जायसवाल उम्र (23) वर्ष पुत्र राजकुमार जायसवाल गम्भीर रूप से घायल हो गया।ग्रामीणों व राहगीरों की सूचना पर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे खजुरी चौकी प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी द्वारा गम्भीर रूप से घायल युवक को इलाज हेतु एम्बुलेंस की मदद से बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भेजा गया जहां युवक की मौत हो गई।युवक किसी अपने साथी को छोड़ने के लिए घर से आया था उसको छोड़कर वापस घर जा रहा था हादसा हो गया।घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन समेत भाग निकला।मृतक दो भाई एक बहन में दूसरे नंबर का था व जॉब कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था व अविवाहित बताया गया।घटना की सूचना मिलते मृतक युवक के पिता बीएचयू ट्रॉमा सेंटर पहुंच गए व मृतक की मां व बहन समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।चौकी प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर गाड़ी की पहचान कर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया जाएगा।

# ट्रैफिक पुलिस ने गाडियों पर लगें ब्लैक फिल्म व मॉडिफाइड साइलेंसर के विरुद्ध की कार्यवाही

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी





**सिद्धार्थनगर।** यातायात और सड़क सुरक्षा को लेकर सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित साड़ी चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस ने विशेष जांच अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व ट्रैफिक इंचार्ज अमरेश कुमार यादव ने किया। इस दौरान चार पहिया और दो पहिया वाहनों की गहन जांच की गई।

सबसे पहले चार पहिया वाहनों को रोककर चालकों से सीट बेल्ट की जांच की गई। अधिकांश वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट न लगाए जाने पर चालान की कार्रवाई की गई और मौके पर ही उन्हें सीट बेल्ट के महत्व और ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई।इसके बाद दोपहिया वाहन चालकों की जांच की गई। जिन चालकों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था, उनका चालान किया गया। ट्रैफिक इंचार्ज अमरेश कुमार यादव ने मौके पर कहा-हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए जरूरी है। सड़क हादसों में हेलमेट सिर की चोटों से जान बचाने में अहम भूमिका निभाता है।

अभियान के दौरान पुलिस ने चार पहिया वाहनों के शीशों पर लगी ब्लैक फिल्म को भी हटवाया। ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नियमों के विपरीत ब्लैक फिल्म लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।इसके अलावा बुलेट मोटरसाइकिलों पर लगे तेज आवाज वाले साइलेंसरों की भी जांच की गई। कुछ वाहनों में नियम विरुद्ध साइलेंसर पाए जाने पर चालान किया गया और चालकों को चेतावनी दी गई कि वे जल्द कंपनी का साइलेंसर लगवाएं, अन्यथा अगली बार वाहन जब्त किया जाएगा।

ट्रैफिक इंचार्ज अमरेश कुमार ने बताया कि यह अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि, इसका उद्देश्य सड़क हादसों को कम करना और लोगों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। नियमों का पालन करने से न केवल चालान से बचा जा सकता है, बल्कि खुद की और दूसरों की जान भी सुरक्षित रहती है।वाहन चेकिंग अभियान में ट्रैफिक कॉन्स्टेबल कौशल कुमार, दिलीप कुमार, ट्रैफिक होमगार्ड रामशंकर साहनी, सूर्य प्रताप सिंह और देव कुमार सिंह शामिल रहे।

# मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने अग्निशमन केंद्र बागेश्वर का अर्द्ध वार्षिक निरीक्षण

**बागेश्वर।** कुमाऊ मंडल डिवीजन के मुख्य अग्निशमन अधिकारी नरेंद्र सिंह कुंवर द्वारा अग्निशमन केंद्र बागेश्वर का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अग्निशमन अधिकारी एफएसएसओ गोपाल सिंह रावत के नेतृत्व में मुख्य अग्निशमन अधिकारी को कर्मियों द्वारा गार्द सलामी दी गई।जिसके बाद उन्होंने फायर स्टेशन में वॉचरूम चैक कर ड्यूटी परतैनात कर्मियों से संवाद कर उनकी समस्याए पूछी।और सभी कर्मियों से आपातस्थिति से निपटने के लिए हर समय तत्परता दिखाते हुए शीघ्र मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य करने के लिए कार्य करने की बात कही।उन्होंने फायर स्टेशन में कर्मचारी बैरक, गैराज, एवं परिसर के भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाए दुरुस्त मिली।

# सीमा पार भेजे जा रहे बीज और इलेक्ट्रॉनिक सामान के खेप को एसएसबी ने पकड़ा



वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार को 43वीं वाहिनी एसएसबी की सीमा चौकी बानगंगा के जवानों ने भारी मात्रा में बीज और इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त किया। यह बरामदगी सीमा स्तंभ संख्या 557 के पास नाका के दौरान हुई।एसएसबी को गुप्त सूचना मिली थी कि रात के अंधेरे मे प्रतिबंधित सामानों की एक खेप भारत से नेपाल भेजी जा रही है। इस सूचना के आधार पर नाका दल को चिह्नित स्थान पर भेजा गया। कुछ देर बाद जवानों ने देखा कि कुछ व्यक्ति साइकिलों पर बोरियां लादकर नेपाल की ओर जा रहे थे। जवानों को देखते ही तस्कर साइकिल और सामान छोड़कर नेपाल की ओर भाग निकले।

नाका दल ने मौके से छह साइकिलों के साथ 01 बोरी जई के बीज, 12 बोरी विभिन्न ब्रांड के बरसीन के बीज, 3670 मोबाइल कवर, 90 एयर पॉड्स, 99 वायरलेस हेडफोन, 08 मोबाइल चार्जर और 58 पोर्टेबल स्पीकर बरामद किए। जब्त किए गए सभी सामान को आवश्यक कार्रवाई के लिए सीएमपीयू बढ़नी को सौंप दिया गया है। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी की रोकथाम के लिए वाहिनी लगातार अभियान चला रही है।

# गलत इंजेक्शन लगाने से किशोर की मौत के मामले मे झोलाछाप डां0 गिरफ्तार, भेजा जेल

वेलकम इण्डिया

**इटवां/सिद्धार्थनगर।** इटवा थाना क्षेत्र के धोबहा चौराहे पर गलत इलाज के चलते होलियापुर गांव निवासी इंद्रजीत (15) की इलाज के दौरान मौत के मामले में आरोपी डॉक्टर इमरान को धोबहा चौराहे के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पिता विष्णु साहनी के तहरीर पर इटवा पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी थी। वहीं स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अब भी मेडिकल स्टोर में संचालित क्लीनिक पर कार्रवाई से कतरा रहे हैं। यह हाल तब है जब जांच में मेडिकल स्टोर के नाम पर पंजीकृत इस क्लीनिक में मरीजों को भर्ती कर इलाज की पुष्टि हुई है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग भी मामले में चुप्पी साधे हुए है। क्षेत्र के होलिया पुर गांव निवासी विष्णु साहनी के 15 वर्षीय बेटे इंद्रजीत साहनी की 24 सितंबर को सुबह करीब 11 बजे तबीयत खराब हो गई। परिजन उसे धोबहा चौराहे पर स्थित जनता मेडिकल स्टोर एंड क्लीनिक पर लेकर गए। पिता के मुताबिक मौके पर मौजूद इमरान जो खुद को डॉक्टर बता रहा था, उसने ड्रिप लगाई और ड्रिप खत्म होने के बाद कमर में इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगाते ही इंद्रजीत के मुंह से खून निकलने लगा और उसकी हालत बिगड़ने लगी। उसे लेकर परिजन डुमरियागंज के निजी अस्पताल तथा डुमरियागंज से बस्ती कैली रेफर किया गया। बस्ती कैली के डाक्टरों ने हालत नाजुक देख उसे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान इंद्रजीत साहनी ने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता विष्णु साहनी के तहरीर पर इटवा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर आरोपी क्लीनिक संचालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुटी गई।

इस संबंध में इटवा थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर तिवारी का कहना है कि आरोपी को जेल भेजने के बाद पुलिस विवेचना कर रही है।

# यूपीएचसी सीबीगंज को मिला एन क्यू ए एस का दर्जा

**बरेली।** अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीबीगंज ने नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टेंडर्ड कार्यक्रम के अंतर्गत एनक्यूएएस प्रमाणित यूपीएचसी का दर्जा प्राप्त कर पूरे बरेली मंडल में अपनी एक अलग ही पहचान बनाई है। इस विशेष उपलब्धि को हासिल करने में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, सीएमओ डॉक्टर विश्राम सिंह, नोडल अधिकारी डॉक्टर अजमेर सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता एवं उनकी समस्त टीम का विशेष योगदान रहा। साथ ही मंडलीय अर्बन हेल्थ कंसल्टेंट डॉक्टर गंगाशरण एवं डिविजनल प्रोग्राम मैनेजर शाहिद हुसैन, डॉक्टर पूजा चौहान, डिस्ट्रिक्ट क्वालिटी मैनेजर अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेट अकबर हुसैन के विशेष सहयोग एवं प्रयासों से ये संभव हो पाया। यूपीएचसी के फार्मासिस्ट हिरदेश कुमार, मनमोहन सिंह सरिता कुमारी, लैब तकनीशियन श्रवण कुमार स्टाफ नर्स सरस्वती, रजनी, मनु एवं रामलली का इस मुकाम को हासिल करने में विशेष सहयोग रहा।

# मखाना की खेती किसानों के लिए आय का नया स्रोत : डीएम

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी




**सिद्धार्थनगर।** किसानों के एक दल को मखाना खेती के प्रशिक्षण के लिए सोमवार को रवाना किया गया। केंद्र की 'सपोर्ट टू स्टेट एक्सटेंशन वर्ष 2025-26 (आत्मा)' योजना के तहत ये किसान बिहार के दरभंगा स्थित राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। डीएम डॉ. राजा गणपति आर. ने कलेक्ट्रेट परिसर से दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि ऐसे प्रशिक्षण किसानों के जीवन स्तर में सुधार लाएंगे।

डीएम ने बताया कि मखाना की खेती किसानों के लिए आय का नया स्त्रोत बन सकती है। यह जनपद में बार-बार आने वाली बाढ़ की स्थिति में भी लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि मखाना की खेती में कम निवेश पर अधिक लाभ के अवसर हैं। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। डॉ. गणपति ने उम्मीद जताई कि प्रशिक्षित किसान अपने ज्ञान को अन्य किसानों के साथ साझा कर मखाना खेती को लोकप्रिय बनाने में मदद करेंगे। उप कृषि निदेशक राजेश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि सरकार किसानों को नई तकनीक और खेती के उन्नत तरीकों से अवगत कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि मखाना की खेती में वैज्ञानिक विधियों का उपयोग कर उत्पादन और गुणवत्ता दोनों बढ़ाई जा सकती हैं। जिला कृषि अधिकारी मु. मुजम्मिल ने किसानों को प्रशिक्षण के दौरान मखाना की रोपाई, जल प्रबंधन, पोषण, कीट एवं रोग नियंत्रण और विपणन से संबंधित विस्तृत जानकारी दिए जाने की बात कही।

कार्यक्रम में कृषि विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने किसानों को इस प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने और अपने गांवों में मखाना की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने दोहराया कि मखाना की खेती जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से उपयोगी साबित होगी, क्योंकि इसे जलभराव वाले इलाकों में आसानी से उगाया जा सकता है।

# बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की 11वें दिन भी हड़ताल जारी

**शिकारपुर।** तहसील में दी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामकुमार राघव की अध्यक्षता में 11 दिन पूर्व एक बैठक की गई थी। बैठक में तहसील में स्थित न्यायालयों में घोर भ्रष्टाचार व अनियमिताओं का आरोप लगाते हुए एक ज्ञापन एसडीएम अरुण कुमार वर्मा को दिया गया था। बार के अधिवक्ताओं ने बताया है कि एसडीएम द्वारा तहसील में स्थित न्यायालयों में भ्रष्टाचार व अनियमिताओं की जांच कर स्थाई समाधान होने तक दी-बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ताओं न्यायिक कार्यों से विरत रहने का उल्लेख किया गया है। लेकिन सोमवार को एक बैठक बार अध्यक्ष रामकुमार राघव एडवोकेट की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई।

# मून क्लब के तत्वावधान में आयोजित डांडिया नाइट में झूमीं महिलाएं

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज स्थित होटल रोज हुड में मून क्लब ग्रुप के तत्वावधान में एक शानदार डांडिया नाइट उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रयागराज की महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी होकर गरबा और डांडिया नृत्य का भरपूर आनंद लिया। पूरे कार्यक्रम में उल्लास, उमंग और सांस्कृतिक रंगों का संगम दिखाई दिया।

कार्यक्रम का संचालन रीना यादव ने कुशलता से किया, जबकि आयोजन की संयोजक रिंकी केसरवानी रहीं, जिन्होंने अपने बेहतरीन समन्वय और मेहनत से इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

इस अवसर पर बॉलीवुड डांसर एवं प्रयागराज के प्रसिद्ध डांस कोरियोग्राफर सचिन निषाद ने अपने शानदार नृत्य कौशल से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने महिलाओं को विभिन्न गरबा और डांडिया स्टेप सिखाते हुए ऐसा माहौल बना दिया कि पूरा कार्यक्रम झूम उठा। उनके जोश और नृत्य की ऊर्जा ने दर्शकों को भी थिरकने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम की कवरेज पत्रकार सनी केसरी ने की। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन समाज में उत्साह, एकता और पारंपरिक संस्कृति के संरक्षण का संदेश देते हैं। रातभर संगीत, नृत्य और उल्लास का यह सिलसिला चलता रहा, जिसने सभी के दिलों में आनंद और ऊर्जा का संचार कर दिया।

# योगी सरकार में महिला उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं: डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** सिगरा स्थित कैम्प कार्यालय में प्रदेश सरकार के आयुष,खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार) डा.दयाशंकर मिश्र दयालु ने जनसुनवाई की जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी सभी की फरियाद सुनते हुए प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ.दयाशंकर मिश्र ₹दयालु₹ ने कहा कि जनसुनवाई में जनता के समस्याओं की सुनवाई के साथ निराकरण हमारी पहली जिम्मेदारी है प्राप्त प्रार्थना पत्रों में बलिया निवासिनी मोनी सिंह ने गुहार लगाते हुए कहा कि 2024 में उनकी शादी लखनऊ निवासी आदित्य प्रताप सिंह से हुई थी लेकिन लड़के के परिजनों ने झूठ बोलकर शादी कराई थी कि लड़का सरकारी नौकरी करता है विवाह के पश्चात जब मुझे सच्चाई पता चली और मैंने उनके झूठ का विरोध किया तो लड़के और उसके परिजनों द्वारा मुझे मारा पीटा जाने लगा और जेठ द्वारा जबरन मेरा शारीरिक शोषण किया जाने लगा न्याय पाने के लिए आज मुझे दर दर भटकना पड़ रहा है।

एक अन्य मामले में दारानगर निवासी श्याम यादव ने अपने प्रार्थना पत्र में गुहार लगाते हुए कहा कि मेरी दोनों किडनी खराब हो चुकी है सप्ताह में दो बार डायलिसिस कराना पड़ता है लेकिन मेरी आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण मैं अपना ईलाज कराने में असमर्थ हो गया हूं अतः शासन से मदद की उम्मीद है इसी प्रकार छित्तूपुर निवासिनी चंदा पटेल ने गुहार लगाते हुए कहा कि मेरा नर्सिंग ट्रेनिंग कोर्स अधर में लटका हुआ है क्योंकि मेरे पास फीस जमा करने के लिए पैसे नहीं है अतः मुझे आर्थिक सहायता प्रदान की जाए एक अन्य मामले में भदोही निवासिनी रागिनी तिवारी ने गुहार लगाते हुए कहा कि उनके ग्रामसभा में उन्हें 2017 में कृषि कार्य हेतु जमीन आवंटित किया गया था जिसे ग्राम प्रधान ने रंजिश वश खारिज करा दिया अतः उन्हें पुनः जमीन आवंटित किया जाए एक अन्य आवेदन में घसियारी टोला के सुरेश अवस्थी ने घर में निर्माण कार्य के दौरान वीडीए कर्मचारियों द्वारा परेशान किए जाने को लेकर आवेदन दिया थो सोनारपुरा के संजय गुप्ता ने पुश्तैनी मकान की फर्जी तरीके से रजीस्ट्री कराकर बेचने का आरोप अपनी बहन पर अनिता गुप्ता पर लगाते हुए उचित कारवाई की मांग की।

## गरुड़ में रामलीला शुरू

**गरुड़।** कत्यूर रामलीला कमेटी गरुड़ में रामलीला मंचन शुरू हो गया है। गरुड़ की ऐतिहासिक रामलीला मंचन 86 साल से लगातार जारी है।रामलीला मंचन के प्रथम दिवस का शुभारंभ बैरक पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। कमेटी के संरक्षक नंदन सिंह अल्मिया ने दर्शकों का आभार प्रकट किया। रामलीला के आधार स्तंभ रहे स्व गोपाल दत्त पाठक, स्व हरिश्चंद नेगी, स्व मोहन सिंह रावत को रामलीला कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। प्रथम दिवस के मुख्य आकर्षण में नट नटी संवाद, इंद्र कामदेव संवाद, नारद मोह लीला, रावण का कैलाश पर्वत उठाना रहा। नारद की भूमिका में विपिन जोशी ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। रावण की भूमिका में दीपक गोस्वामी, इंद्र की भूमिका में विशाल फर्स्वाण, नट नटी की भूमिका में गौरी शंकर, कैलाश बिष्ट नेदर्शकों से खूब वाह वाही लूटी।इस दौरान कमेटी से जुड़े कैलाश जोशी, नंदन सिंह अल्मिया, नीरज पंत, संजय फर्स्वाण, भगवत नेगी, दिग्विजय फर्स्वाण, दलीप भाकुनी, देवेंद्र बिष्ट, नीमा वर्मा, इंद्रा फर्स्वाण, दयाल गिरी गोस्वामीआदि मौजूद रहे।

# महिलाओं को उनके अधिकारों सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा परिक्रमा मार्ग में महिलाओं और बालिकाओं के लिए एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। सोमवार को चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना रहा। महिलाओं और बालिकाओं के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया।

महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण, डिजिटल एरेस्टिंग और झूठी अफवाहों से बचाव के लिए जागरूक किया गया। उनके अधिकारों, सुरक्षा और संरक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साइबर फ्रॉड और साइबर क्राइम के प्रति सतर्कता और बचाव के उपाय सुझाए दिए गए। सरकारी योजनाएं और कार्यक्रम, सरकार द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, कन्या सुमंगला योजना आदि की जानकारी दी गई।

बाल कल्याण कार्यक्रमों और बच्चों के अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। बाल मजदूरी रोकथाम और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया गया। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर महिलाओं की त्वरित सहायता के लिए 1090, साइबर फ्रॉड की शिकायत के लिए 1930, आपातकालीन चिकित्सा सहायता 108, तत्काल पुलिस सहायता 112, बच्चों की सुरक्षा और कल्याण के लिए 1098 पर फोन कर सहायता के बारे में बताया। मिशन शक्ति टीम ने जन चौपाल में उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। अभियान के दौरान सरकारी दिशा-निर्देशों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही, पंपलेट वितरित किए गए ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों का लाभ उठा सकें।

# चौमुहां में आरएसएस का पथ संचलन नगर में दिखा स्वयंसेवकों का अनुशासन



वेलकम इंडिया

**मथुरा/चौमुहां।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चौमुहां नगर में पथ संचलन का भव्य आयोजन किया गया। नगर के स्वयंसेवकों द्वारा निकाले गए इस अनुशासनबद्ध संचलन को देखने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी उमड़ पड़े। पथ संचलन की शुरूआत बिहारी जी मंदिर से हुई। यह गोपाल जी मंदिर, मैन मार्केट चौमुहां, तकिया मैदान और पथवारी मैया मंदिर जैसे नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस बिहारी जी मंदिर पर ही पूर्ण हुआ। इस दौरान स्वयंसेवकों का जोश और अनुशासन देखने लायक था।

इस महत्वपूर्ण आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बलदेव उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में जिला कार्यवाह राकेश ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम में कोसी जिला संघ चालक कैलाश, कोसी जिला से विद्यार्थी प्रमुख खगेंद्र सिंह, चौमुंहा खंड प्रचारक मोहित जी, सह खंड कार्यवाह लोकेश, गोविंद सिंह एडवोकेट, सूरज, रिंकेश एडवोकेट, कृष्णकांत सिंह, रंजीत, मनीष नंबरदार आदि उपस्थित रहे।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 5 से 31 अक्टूबर तक का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** मुख्यमंत्री द्वारा गत वर्ष 2024 की भांति वर्ष 2025 में भी संचारी रोगों की रोकथाम हेतु व्यापक अभियान चलाने के निर्देष दिये गये है। इसी क्रम मे मुख्य सचिव महोदय, उ0प्र0 शासन,चिकित्सा अनुभाग-5 लखनऊ द्वारा दिए गये निदेशों के क्रम में दिनांक 5 से 31 अक्टूबर 2025 तक अन्तर्विभागीय सहयोग से विषेश संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान ( दिनांक 11 से 31 अक्टूबर 2025 तक ) जनपद में चलाया जाना है। इस हेतु जनपद मुख्यालय पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी मथुरा डॉ राधा वल्लभ द्वारा एक विशाल रैली को हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया गया।

इस रैली में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों यथा आशा कार्यकत्री ए ए एन एम कार्यकत्री के साथ साथ वाल विकास सेवा विभाग की आंगनवाडी कार्यकत्रियों , नगर निगम मथुरा वृन्दावन के कर्मचारियों द्वारा बडे पैमाने पर बढ़ चढ़ कर भाग लिया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीबीडी डॉ अनुज चौधरी ,पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डॉ रोहिताश तेवतिया, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ भूदेव सिंह अर्बन कॉर्डिनेटर , डीएमसी यूनिसेफ एवं वरिश्ठ मलेरिया निरीक्षक संतोष तिवारी मलेरिया निरीक्षक राहुल सिंह सिसौदिया, अनिल कुमार वर्मा आश्रिता सिंह एवं मलेरिया कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

रैली ने समापन के वाद एक सभा का रूप ले लिया जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा संचारी रोगों से वचाव हेतु विस्तृत दिषा निर्देष दिये गये तथा सभी कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई तथा जिला मलेरिया अधिकारी डॉ भूदेव सिंह द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत रोगों से बचाव हेतु निम्न उपाय बताये गये- क्या करें-पानी के बर्तन /ड्म/टंकी आदि ढक कर रखें। सप्ताह में एकबार पानी के बर्तनों को खाली कर लीजिए, जिन स्थानों में पानी का इकट्ठा होना रोका न जा सके वहां पानी में कुछ बूंदें मिटटी का तेल या ट्रैक्टर का जला हुआ मोबिआयल डाल दीजिये।

# सम्राट ग्रुफ बिल्डर्स एन्ड प्रॉपटीज के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**गाजियाबाद।** मिशलगढ़ी आकाश नगर सागर फार्म हॉउस शराब के ठेके के पास सम्राट ग्रुफ बिल्डर्स एन्ड प्रॉपर्टीज के ३१ कार्यालय का शुभारम्भ हुआ जहाँ मुख्य अतिथि के रूप में रहे अभिषेक राज एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट दिल्ली और धर्मेंद्र कुमार समाज सेवी बिजनेस मैन ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया जिसमें सौ बीघा कलोनी टप्पल एयर पोर्ट के पास लोकार्पण भी किया जानकारी के अनुसार सम्राट ग्रुफ के चेयरमैन विनोद कुमार सागर ने बताया की हम 17 वर्षो से गरीब जनता को सस्ती दर और आसान किस्तों पर प्लाट देकर उन्हें कच्चे से पक्के मकान का मालिक बनाते आये हैं और बनाते भी रहेंगे साथ में उन्होंने यह भी कहा की हम गाजियाबाद में ही नहीं बल्कि हापुड़ जेवर टप्पल गाजियाबाद नैनीताल भीमताल में भी हम सस्ती और आसान किस्तों पर लोगों को प्लाट देकर उन्हें जमीन का मालिक बना रहे हैं जिसमें उद्घाटन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का ऑफिस इंचार्ज हिमांशु सोरन ठेकेदार नरेंद्र ठेकेदार सतीश ठेकेदार ने स्वागत किया उद्घाटन कार्यक्रम में सम्राट ग्रुफ बिल्डर्स एन्ड प्रॉपटीज के चेयरमेन विनोद कुमार सागर व समस्त स्टाफ शामिल रहा उन्होंने बताया अब प्लॉट खरीददार को कैश बैक के साथ घर बैठे बिजनेस कराई जाएगी टप्पल में जो क्रेता प्लॉट खरीदेगा 50 महीने तक हर महीने तेरह हजार रुपया एक किस्त के रूप में वापस किये जायेंगे यानी प्लॉट भी और इनकम स्कीम के तहत स्कीम जारी की है

# मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत बच्चों व महिलाओं को आत्म रक्षा हेतु सिखाए गुर






वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय के आदेश व मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम के निर्देशन में एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह, माध्यमिक शिक्षा विभाग की मिशन शक्ति 5.0 की नोडल अधिकारी शैलजा प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कॉलेज एवं थाना प्रभारी, महिला थाना अरुणा राय की उपस्थिति में राजकीय विद्यालय ग्राम हिम्मतपुर जनपद हापुड़ में सेल्फ डिफेन्स कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से बच्चों व महिलाओं को आत्म रक्षा के गुर सिखाये गये साथ ही जनपद के विभिन्न विद्यालयों व शिक्षण संस्थानों में भी मिशन शक्ति के तहत सेल्फ डिफेन्स के कार्यशाला का आयोजन किया गया जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह नें कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं एवं महिलाओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉनसरशिप आदि की जानकारी दी गयी। महिला कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न हेल्प नम्बरों जैसे महिलाओं की सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंम्बर 1090 वूमेन पावर, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्डलाइन, 1930 साईबर हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा, 108 एम्बुलेन्स सेवा की जानकारी भी दी थाना प्रभारी महिला थाना हापुड़ अरुणा राय द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के महत्व व उद्देश्य के बारे में बताकर महिलाओं व बालिकाओं जागरूक किया।

# रक्तदाताओं को सम्मान स्वरूप मिला सुरक्षा कवच हेलमेट

वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी



**मेरठ।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जनकल्याण समिति एवं मेरठ चैरिटेबल ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में किनानगर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 50 से अधिक रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाजसेवा का परिचय दिया। रक्तदाताओं की सुरक्षा और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता को ध्यान में रखते हुए समिति की ओर से सभी डोनरों को सुरक्षा कवच के रूप में हेलमेट भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल सम्राट ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में प्रतिवर्ष हजारों लोग बिना हेलमेट के अपनी जान गंवा देते हैं। इस पहल का उद्देश्य न केवल रक्तदाताओं को सम्मानित करना है, बल्कि उन्हें यातायात नियमों के पालन और स्वयं की सुरक्षा के प्रति जागरूक करना भी है।

मेरठ चैरिटेबल ब्लड सेंटर के बिजेंद्र कुमार ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित करना और नियमित रूप से शिविर आयोजित करना समाजहित में एक सराहनीय प्रयास है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में स्वैच्छिक रक्तदान की भावना को प्रोत्साहित करते हैं।शिविर के सफल आयोजन में कपिल सम्राट, मोनू सिंह, विपिन कुमार, संदीप कुमार, अजय कुमार, मीडिया प्रभारी अखिल गौतम, कविता, डॉ. सुशील शर्मा, बिजेंद्र कुमार, गौतम सैनी एवं आदित्य वर्मा का विशेष योगदान रहा।

# थार गाडी से स्टंट कर तमंचा लहराने की वीडियो वायरल के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्रांतर्गत थार गाड़ी से तमंचा लहराने की सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से सम्बन्धित आरोप को चिन्हित कर किया गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से अवैध असलहा व थार गाड़ी (सीज) बरामद की गई है थाना हापुड़ नगर कोतवाली प्रभारी देवेंद्र विशिष्ट में जानकारी देते हुए बताया कि 4 अगस्त को सोशल मीडिया पर थार गाडी से स्टंट करते हुए तमंचा लहराने की वीडियो वायरल हुई थी जिसका थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा संज्ञान लेकर वीड़ियो में दिखाई दे रहे युवक की पहचान कराई तो उसकी पहचान आदित्य त्यागी उर्फ चीकू पुत्र कपिल त्यागी निवासी ग्राम अच्छेजा थाना हापुड नगर जनपद हापुड़ के रूप में हुई। तभी थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त युवक को दिल्ली पब्लिक स्कूल के पीछे नाले के बराबर वाली सडक प्रीत विहार से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से अवैध असलहा व वायरल वीडियो मे स्टंटबाजी में प्रयुक्त गाड़ी थार को (सीज) कर दिया।

# श्री चित्रगुप्त मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा दिवस पर उमड़ा भावनाओं का सागर

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर।** आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता के पावन संगम का अद्भुत दृश्य आज लखीमपुर में देखने को मिला, जब श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा द्वारा श्री दुर्गे चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

स्थानीय कलम दवात चौराहा के निकट स्थित यह मंदिर आज भक्तिमय स्वर और वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने देवी दुर्गा एवं भगवान हनुमान की पूजा अर्चना कर विश्वकल्याण की मंगल कामना की। वातावरण भक्ति, भाव और विश्वास से सराबोर था। स्मरण रहे कि 5 अक्टूबर 2016 को इसी दिन चित्रांश समाज ने नगर में विशाल शोभायात्रा के माध्यम से सफेद संगमरमर की अनुपम मूर्ति की स्थापना कर इस मंदिर को जीवंत बनाया था। यह दिव्य प्रतिमा समाजसेवी विवेक श्रीवास्तव विक्कू के प्रयासों और पूर्व राज्यसभा सांसद आर.के. सिन्हा के सहयोग से स्थापित हुई थी। तभी से हर वर्ष यह दिवस श्रद्धालुओं के लिए महापर्व बन गया है। आज भी परंपरा के क्रम को निभाते हुए श्रद्धालुओं ने विधिवत हवनझपूजन, आरती और भजन के बीच प्राण प्रतिष्ठा दिवस को उत्सव का रूप दिया। ईश आरती में हर स्वर एक ही भाव कह रहा था ह्लकलम और कर्म का संगम ही सच्चा धर्म है। कइसी अवसर पर लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे कायस्थ शिरोमणि एवं पूर्व राज्यसभा सांसद आर.के. सिन्हा के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु विशेष प्रार्थना की गई। इस पावन अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ ओ पी श्रीवास्तव, संरक्षक राजीव रत्न खरे, महामंत्री चित्रांश अनूप सिंह, कोषाध्यक्ष लोकेंद्र श्रीवास्तव, संरक्षक शशिकांत श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रदीप सक्सेना मुकेश, विजय अस्थाना, रीना अस्थाना, कुमुद सक्सेना, नीरज श्रीवास्तव, विकास सक्सेना, पंडित शिवम, अनिल श्रीवास्तव, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा अध्यक्ष डॉ मंजुला बरतारिया, शौर्य सक्सेना, प्रशांत लाला, सुधाकर लाला, नितिन श्रीवास्तव आदि रहे।

# हापुड़ थाना देहात प्रभारी विजय कुमार गुप्ता और उनकी पुलिस टीम का बड़ा ही सराहनीय कार्य



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** जनपद के थाना देहात थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता और उनकी पुलिस टीम मिशन शक्ति अभियान के तहत गांव गोंडी सलाई के जंगल में दिन निकलते ही महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी देने पहुंचे पुलिस द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्य की लगातार चर्चा हो रही है।

महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों को रोकने के लिए हापुड़ पुलिस पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में लगातार अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है साथ ही महिलाओं को सुरक्षा के टिप्स दिए जा रहे हैं जिसको लेकर अभियान को मजबूती देने के लिए और महिलाओं को जागरूक करने के लिए दिन निकलते ही थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता और उनकी पुलिस टीम खेतों में पहुंची महिलाओं को विस्तार के साथ जानकारी दी।

## दो लोगों पर आवारा कुत्तों ने हमला कर किया घायल

**कांधला।** क्षेत्र के अलग-अलग गांव में युवक और एक व्यक्ति पर आवारा कुत्तों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया पीड़ितों ने अस्पताल में पहुंचकर अपना उपचार कराया चिकित्सकों ने जानवरों से दूर रहने की सलाह दी है। विकासखंड क्षेत्र के गांव जसाला निवासी अधेड़ व्यक्ति राजकुमार ने बताया कि वह घर से अपने खेत पर जा रहा था तभी गली में आवारा कुत्तों के झुंड ने घेर लिया और उस पर जानलेवा हमला कर दिया। एक कुत्ते के काटने से पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास के लोगों ने शोर सराबा सुनकर कुत्तों के झुंड को भगाया और घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# बरेली में खुराफात का नया तरीका, नोटों पर 'आई लव मोहम्मद' लिखकर फोटो किये जा रहे वायरल

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली।** हाल ही में शहर में हुए उपद्रव के बाद पुलिस लगातार कार्रवाई में जुटी हुई है, लेकिन कुछ लोग अब भी माहौल बिगाड़ने से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला 'आई लव मोहम्मद' की मुहर वाले नोटों का सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा हैं। इन नोटों पर लगी मुहर ने जिले में एक नया विवाद खड़ा कर दिया है।

वहीं हिन्दू संगठनों ने इसे आस्था से जुड़ा मामला बताते हुए विरोध भी शुरू कर दिया है। आपको बता दें कि 26 सितंबर को बरेली में हुए बवाल के बाद पुलिस अब तक 85 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। उपद्रवियों ने उस दिन पुलिस पर पथराव और फायरिंग की थी, जिसमें पुलिसकर्मियों से गन और वायरलेस सेट तक लूट लिए गए थे। अब तक दर्जनभर से ज्यादा मुकदमे दर्ज हो चुके हैं।

आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा समेत कई आरोपियों को जेल भी भेजा जा चुका है। जबकि 7 फरार उपद्रवियों पर पुलिस ने 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। अब कुछ शरारती तत्व भारतीय करेंसी पर 'आई लव मोहम्मद' की मुहर लगा रहे हैं। इन नोटों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बरेली ही नहीं, अन्य जिलों में भी ऐसे नोटों की चर्चा जोरों पर है। इस गम्भीर मामले को लेकर हिन्दू संगठनों का कहना है कि यह भावनाएं भड़काने और समाज में विभाजन फैलाने की साजिश हो सकती है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नियमों के अनुसार करेंसी नोट पर कुछ भी लिखना, रंगना या मुहर लगाना अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे में जो भी व्यक्ति नोट से छेड़छाड़ करते पकड़े जाएंगे, उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि ₹अगर किसी के पास ऐसे नोट मिलते हैं या कोई इन्हें वायरल करता है, तो उसके खिलाफ सख्त धाराओं में कार्रवाई होगी।

## परिजनों से बिछड़ी मासूम बच्ची पुलिस ने किया फोटो वायरल

**कांधला।** कस्बे के कैराना मार्ग पर चल रहे रामलीला मेला महोत्सव में एक तीन वर्ष की मासूम बच्ची परिजनों से बिछड़ कर आ गई और रोने लगी आसपास के दुकानदारों ने थाने पर पहुंचाया पुलिस ने पहचान कराने के लिए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किए। मासूम बच्ची के फोटो वायरल होते ही पहचान हो गई परिजन अपने साथ ले गए। पुलिस ने मासूम बच्ची को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। सोमवार को एक तीन वर्ष की मासूम बच्ची थाने के समीप कैराना मार्ग स्थित मेला महोत्सव में रो रही थी। आसपास के लोगों ने मासूम बच्ची से जब उसके माता-पिता व अन्य परिजनों के बारे में जानकारी ली तो मासूम बच्ची ने अपना नाम काबिया व पिता का नाम आशू बताया और पता बताने में असमर्थ रही। दुकानदार मासूम बच्ची को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। उप निरीक्षक सुभाष सिंह ने बच्ची की पहचान कराने के लिए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किए।

# जय भगवान गोयल का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया

**वेलकम इंडिया**




**नई दिल्ली।** यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा समाजसेवी जय भगवान गोयल का जन्म दिवस यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट के राष्ट्रीय कार्यालय, शाहदरा (दिल्ली) में बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया।सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता, समाजसेवी, व्यापारीगण, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि, धार्मिक-सामाजिक नेता तथा संतगण, क्षेत्र के नागरिक राष्ट्रीय कार्यालय पहुँचते रहे और जय भगवान गोयल को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते रहे। पूरे दिन कार्यालय का वातावरण जय जय गोयल भारत माता की जय और वंदे मातरम्‌ के नारों से गूंजता रहा।

इस अवसर पर कार्यकताओं ने गोयल को पुष्पमालाएँ पहनाकर, तिलक लगाकर एवं श्रीफल अर्पित कर सम्मानित किया।

जय भगवान गोयल ने सबका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं अपने आपको सौभाग्यशाली मानता हूँ कि मुझे ऐसा विशाल और समर्पित परिवार मिला है जो राष्ट्रहित, धर्मरक्षा और समाजसेवा के लिए सदैव तत्पर रहता है। मेरा जीवन देश, धर्म और समाज के लिए सदैव समर्पित है, और यही मेरे जीवन का उद्देश्य है। जय भगवान गोयल ने इस मौके पर समाज को ये संदेश दिया की केक पर मोमबत्ती लगा कर बुझाने की जगह दीप जलाना चाहिए और केक काटने की जगह भगवान को भोग लगाकर सबको बाँटना चाहिए। जय भगवान गोयल ने सभी देशवासियों से आहवान किया ह्यह्यस्वदेशी को अपनाना है, भारत को विश्वगुरू बनाना है, स्वदेशी को अपनाकर भारत को आत्मनिर्भर भारत व हिन्दू राष्ट्र बनाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने जय भगवान गोयल के राष्ट्रवादी दृष्टिकोण, समाज में उनके निःस्वार्थ सेवा कार्यों और जनजागरण अभियानों की सराहना करते हुए कहा कि वे सच्चे अर्थों में समाज को दिशा देने वाले प्रेरणास्त्रोत हैं।

# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत सेल्फ डिफेंस कार्यशाला का मेगा इवेंट हुआ आयोजित



**मथुरा।** जिलाधिकारी महोदय के निदेर्शों के क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र के निर्देशन में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय फरह में सेल्फ डिफेंस कार्यशाला (आत्मरक्षा) से संबंधित टिप्स श्रीमती अलका सिंह द्वारा दिए गए। कार्यशाला के दौरान प्रिंसिपल श्रीमती नीतू तिवारी, वन स्टॉप सेंटर से नीतू सिंह व श्री शिवम सहित अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा। केंद्र प्रशासक वन स्टॉप सेंटर नीतू सिंह, महिला कल्याण विभाग द्वारा बालक एवं बालिकाओं को गुड टच वैड टच की जानकारी दी गई। विषम परिस्थितियों में कैसे अपनी सुरक्षा करें के सम्बन्ध के बताया गया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं एवं समस्त टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# मेला देखकर घर लौट रहे युवक पर दबंगों ने सिर पर किया हमला, युवक हुआ घायल

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** जनपद के थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के मौहल्ला हरजसपुरा का रविवार की रात का मामला सामने आया है।मोहल्ला हरजसपुरा निवासी गंगा ने थाने में तहरीर दी कि मेरे दो पुत्र व पत्नी समय करीब 8:30 बजे दशहरा मेला देखकर घर वापस हरजसपुरा आ रहे थे और रास्ते में ही मोहल्ला हरजसपुरा के निवासी परचूने की दुकान चलाने वाले राजू नामक व्यक्ति ने अपने कुनाल व नैतिक दोनों पुत्र पुत्र व भाई के लड़के के पुत्र जानू के साथ मिलकर एक राय होते हुए जान से मारने की नीयत से गंगा के भतीजे के साथ हो रही कहासुनी को लेकर दोनों पुत्रों पर लाठी डंडों से हमला कर मोहल्ले से फरार हो गए। जिससे गंगा का बड़ा पुत्र देव गंभीर रूप से घायल हो गया और छोटे बेटे के मामूली गुम चोट आई है। गंगा ने थाना हापुड़ देहात थाना पहुंच दबंगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग को लेकर तहरीर दी है और गंभीर रूप से हुए घायल व्यक्तियों को थाना देहात पुलिस ने उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हापुड़ में भर्ती कराया और पुलिस जांच पड़ताल करने में जुट गई। तो वहीं पीड़ित के पिता गंगा ने जानकारी देते हुए बताया पुत्र की गंभीर हालत को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हापुड़ से निकाल देव नंदिनी हॉस्पिटल में भर्ती कराया है जिसके सिर में चोट लगने से चक्कर आ रहे हैं।

# चोरों के हौसले बुलन्द नगदी गहने घर मे घुस उठा ले गये चोर



**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ़।** जनपद का पुलिस बल अपनी पीठ थपथपा भले कहे कि आल इज वेल लेकिन वास्तविकता तो यही है कि चोरो पर अंकुश जिले की पुलिस लगा पाने असफल ही दिखायी देती है ।पूर्व पुलिस कप्तान रहे डा अनिल कुमार हो या नवागत दीपक भूकर दोनो अफसरो की गिनती तेजतर्रार पुलिस कप्तान मे होती है ।लेकिन प्रतापगढ़ मे चोरो पर अंकुश लगा पाने मे दोनो को ही अभी तक असफल ही कहा जा सकता है । क्योंकि प्रतापगढ़ के लगभग सभी थानान्तर्गत चोरो ने कभी किसी का घर लूटा तो कभी किसी की भैस या बकरी। बीती रात महेशगंज थाना अंतर्गत मोहित कुमार द्विवेदी पुत्र ऋषिधर द्विवेदी निवासी पुरे हरकेश ने महेशगंज पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि अज्ञात बदमाशों द्वारा बीती रात घर में घुसकर बक्सों ने रखा नगदी समेत गहने और पीतल के बर्तन उठा ले गए घर वाले सुबह उठे तो दरवाजा खुला देखकर उनके होश उड़ गए छानबीन करने पर पता चला कि घर में चोरी हो गई जिसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी इकट्ठा कर जांच शुरू कर दी इलाके में बढ़ती चोरियों की वारदात से क्षेत्र की जनता रात भर जागने को मजबूर इस तरह की घटनाओं को लेकर इलाके में चचाओं का माहौल गर्म

# भभीसा व भारसी में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत भभीसा और भारसी में मिशन शक्ति फेस 5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान व आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया। गांव भभीसा के कंपोजिट विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुभाष सिंह, उपनिरीक्षक अजीत सिंह, हैड कांस्टेबल सोनवीर, महिला हैड कांस्टेबल बबिता, कांस्टेबल सूर्य प्रताप सिंह, महिला कल्याण विभाग से पारुल चौधरी व लोकेश, स्वास्थ्य विभाग से एएनएम रीना, ग्राम पंचायत सचिव अनुज तोमर, सहायक अध्यापक सीमा रानी व शालू शर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राखी, ममता, बेबी सैनी आदि मौजूद रहे।

इस दौरान एंटी रोमियो टीम और महिला कल्याण विभाग की ओर से महिलाओं को छेड़खानी, बाल अपराध, साइबर क्राइम से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे स्पॉन्सरशिप योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, वन स्टॉप सेंटर योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मिशन वात्सल्य योजना तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रतिभागियों को योजनाओं से जुड़ी पात्रता, आवश्यक दस्तावेजों और हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 वूमेन पावर, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 108 एंबुलेंस सेवा की जानकारी भी दी कार्यक्रम मे महिलाओं सहित कहीं ग्रामीण मौजूद रहे।

## बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसली दो युवक घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित भारसी मोड़ के समीप बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए आसपास के लोगों ने नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जनपद मेरठ के गांव खेलवडी निवासी भोला और तरुण बड़ौत से होते हुए बाइक पर सवार होकर शामली जा रहे थे। बाइक सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित भारसी मोड़ के समीप पहुंचे तो अचानक से उनकी बाइक असंतुलित होकर फिसल गई। बाइक पर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों चीख-पुकार सुनकर राहगीरों 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायल दोनों बाइक सवार युवकों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# मोबाइल गेम बना विवाद का कारण दो पक्षों में जमकर चले लाठी डन्डे

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थानान्तर्गत भरतगढ़ गांव में हुई घटना पुलिस जांच में जुटी मोबाइल पर गेम खेलने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई घटना में सात लोग घायल हुए हैं स्थानीय पुलिस ने घायलों का चिकित्सीय इलाज करा कर कानूनी कार्रवाई में जुटी प्राप्त जानकारी होने के अनुसार विवाद की शुरूआत रविवार शाम को हुई अपने ननिहाल आए आलोक नामक युवक गांव के किनारे मोबाइल पर गेम खेल रहा था इसी दौरान गांव के मोहित ,विनय, और निखिल गौतम ने उसे गेम खेलने से मना किया और जान से मारने की धमकी दी विवाद बढ़ाने पर तीनों लोगों ने आलोक से मारपीट की घटना की जानकारी आलोक के परिवार वालों को पता चली इसके बाद सोमवार सुबह मोहित, विनय, और निखिल गौतम के परिवार वाले लाठी डंडा लेकर आलोक के मामा लल्ला सरोज के घर पहुंच गए और जमकर मारपीट की मारपीट के दौरान आलोक के मामा लल्ला सरोज पुत्र बुधाई और विजय सरोज पुत्र भाईलाल आलोक पुत्र भाई लाल रामराज पुत्र बधाई को सर समेत अन्य जगहों पर गंभीर चोटें आई वहीं दूसरी पक्ष से जगदीश गौतम पवन गौतम और श्यामलाल गौतम को भी चोटे आई प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर प्राप्त हुए हैं मामले की जांच की जा रही जांचोपरांत विधि कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व वास्तुकला दिवस पर रचनात्मकता और नवाचार का उत्सव



**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** दिनांक 06 अक्टूबर 2025 को बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के गांधी सभागार में विश्व वास्तुकला दिवस के उपलक्ष्य में वास्तुकला संस्थान द्वारा एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क.द.अ.उ के निदेशक प्रो. सुनील काबिया जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया।

प्रो. काबिया ने अपने संबोधन में वास्तुकला एवं नगर नियोजन संस्थान की राष्ट्रीय स्तर पर ककफत्रः रैंकिंग – राष्ट्रीय स्तर पर 35वीं तथा राज्य स्तर पर 4वीं – की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार यह संस्थान विश्वविद्यालय में अपनी विशिष्टता और महत्व को बनाए रखते हुए शिक्षा एवं नवाचार के क्षेत्र में निरंतर योगदान दे रहा है। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहाः एक वास्तुकार, छात्र और डिजाइन प्रेमी के रूप में आपका कार्य एक मौन शक्ति है, जो हमारे जीवन, संबंधों और भावनाओं को आकार देता है। आप अव्यवस्था को समरसता में, इतिहास को धरोहर में और कल्पना को वास्तविकता में बदलते हैं। चाहे वह एक साधारण घर हो या गगनचुंबी इमारत, आपकी डिजाइन पीढ़ियों तक कहानियाँ सुनाती हैं। इसलिए कल्पना करते रहिए, रेखांकन करते रहिए। उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएं भी दीं।

# बीडीए की अवैध निर्माणों पर बड़ी कार्रवाई तौकीर के करीबी के तीन ठिकानों को किया सील

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने सोमवार को अवैध निमार्णों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए तीन प्रमुख ठिकानों को सील कर दिया। कार्रवाई में भारी पुलिस बल की मौजूदगी भी रही। बीडीए अधिकारियों ने बताया है कि फरीदापुर चौधरी में मौलाना तौकीर रजा के करीबी वाजिद बेग पुत्र हुसैन बेग द्वारा बनाया गया बेग मैरिज हाल अवैध तरीके से संचालित हो रहा था। इसे आज बीडीए द्वारा सील किया गया। इसके अलावा, वीरसावरकर नगर स्थित नाजिर खान के कार गैरेज और कोहाड़ापीर स्थित कय्यूम खान उर्फ मुन्ना की ई-स्कूटी एजेंसी को भी नियमानुसार अवैध पाए जाने के कारण सील कर दिया गया। बीडीए के अधिकारीयों ने बताया कि सभी स्थानों पर नोटिस चस्पा कर चेतावनी दी गई है कि यदि कोई भी अवैध निर्माण को तोड़ने या हटाने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बीडीए के अधिकारीयों ने कहा, ₹हम किसी भी अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं करेंगे। नियम और कानून के अनुसार सभी निमार्णों की निगरानी जारी रहेगी। कार्यवाही के दौरान भारी पुलिस बल मौजूद था। बीडीए टीम ने सुनिश्चित किया कि कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो और कोई अव्यवस्था न हो।

# कोल्ड्रिफ सीरप पर सख्ती , बिक्री तो बंद

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** बच्चों की जान लेने वाले कोल्ड्रिफ कफ सीरप पर अब उत्तर प्रदेश में भी शिकंजा कसता जा रहा है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में इस सीरप से कई मासूमों की मौत के बाद प्रदेश सरकार ने इसे पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। लखनऊ मुख्यालय से आदेश मिलते ही बरेली का औषधि विभाग भी एक्शन मोड में आ गया है। अब बरेली सहित पूरे प्रदेश में औषधि निरीक्षक टीमों को अलर्ट पर रखा गया है। निर्देश हैं कि जहां भी कोल्ड्रिफ की बिक्री मिले, तुरंत दुकान सील कर रिपोर्ट भेजी जाए।

विभाग की टीम सोमवार से ही मेडिकल स्टोरों पर दबिश दे रही है। सहायक औषधि आयुक्त संदीप कुमार ने बताया कि मुख्यालय के आदेश पर सख्त निगरानी शुरू कर दी गई है। ₹अगर किसी भी मेडिकल स्टोर पर श्रीसन फार्मा कंपनी की दवाएं बिकती मिलीं तो तत्काल बिक्री रुकवाकर कार्रवाई की जाएगी,₹ उन्होंने कहा। विभाग ने मेडिकल स्टोर संचालकों से अपील की है कि कोल्ड्रिफ सीरप और श्रीसन फार्मा के अन्य उत्पादों की बिक्री तुरंत बंद करें, अन्यथा लाइसेंस निरस्तीकरण और मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस अधीक्षक ने सेमरियावा चौराहे पर किया पैदल गश्त



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने पुलिस बल के साथ सेमरियावा चौराहे पर पैदल गश्त कर लोगों को सीसीटीवीं कैमरा लगाने के लिए प्रेरित किये।

इस दौरान उन्होंने दुकानदारों से संवाद करते हुए कहा कि अपनी दुकान के बाहर सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगायें। उन्होंने दुपहिया वाहन चालकों से अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट लगाने व चार पहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अपील की।

इस अवसर पर सीओ अजय सिंह, थानाध्यक्ष दुधारा इन्द्रभूषण सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## किशोरी घर से लापता पड़ोसी महिला पर भगाने का आरोप

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक व्यक्ति की नाबालिग पुत्री घर से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। पीड़ित ने अपनी पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए पड़ोस की एक महिला पर किसी युवक द्वारा फोन पर बात कराने व उसके साथ भागने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए तलाश शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसकी 15 वर्षय पुत्री विगत 18 अक्टूबर को घर से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई थी। पीड़ित ने अपनी पुत्री को लगातार 18 दिन से रिश्तेदारियों सहित आसपास के स्थानों पर ढूंढ रहा था मगर कहीं भी सुराग नहीं लगा। पीड़ित को शक है कि कहीं उसकी पुत्री के साथ कोई अनहोनी घटना ना घटित हो जाए।

# दीपावली मेले के माध्यम से महिला उद्यमियों ने दिया वोकल फॉर लोकल का संदेश

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** नगर की सुशिक्षित एवं जागरूक महिलाओं के संगठन अहसास महिला समिति के सौजन्य से यहां एक बैंकट हॉल में आयोजित दीपावली मेले के माध्यम से महिला उद्यमियों ने स्वदेशी उत्पादों के स्टाल लगाकर वोकल फॉर लोकर का संदेश दिया। महिला उद्यमियों द्वारा तैयार परिधान, हस्त शिल्प कला, आभूषण एवं अन्य उत्पादों के स्टाल आकर्षण का केंद्र बने थे।

निष्काम सेवा जत्था के संरक्षक व समाजसेवी चानन लाल ढींगरा, पदमश्री विभूषित जितेंद्र सिंह उर्फ संटी मोदी इंडस्ट्रीज लि0 के चीफ एक्जीक्यूटिव एनपी बंसल ने दीपावली मेले का विधिवत शुभारंभ किया तथा संस्था द्वारा किए जाने वाले जनकल्याणकारी कार्यो की मुक्त कंठ से सराहना की और अहसास महिला समिति की कर्मठ पदाधिकारियों को बधाई दी। उपजिलाधिकारी अजित कुमार सिंह व एसीपी अमित कुमार सक्सेना, क्षेत्र के सांसद डा0 राजकुमार सांगवान, विधायक डा0 मंजू शिवाच, प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री रामकिशोर अग्रवाल, पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली आदि ने अपनी उपस्थिति से दीपावली मेले को और अधिक गरिमापूर्ण बना दिया। अहसास महिला समिति की अनुप्रीत कौर व गुरमीत गुप्ता तथा निष्कमा सेवा जत्था के सरदार जसमीत सिंह ने आगुन्तक अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सृष्टि गौड, मेघा तायल, तारक माटा, पूनम ओझा, पूजा शर्मा, डा0 नरेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

# वन्य प्राणी सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत अन्तर स्कूलीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** छाया पब्लिक स्कूल गोविंदपुरी मोदीनगर में वन्य प्राणी सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत अन्तर स्कूलीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आधा दर्जन से अधिक स्कूलों के 11 ग्रुप में 43 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें स्कूल के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी, प्रधानाचार्य डॉ, अरुण त्यागी तथा संबंधित स्कूलों के अध्यापक गण एवं वन विभाग से डॉ सलोनी उप प्रभागीय वनाधिकारी गाजियाबाद, अमित सिंह क्षेत्रीय वन अधिकारी मोदीनगर एवं मोदीनगर रेंज के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# पंजाबी समाज द्वारा बिजनौर में पंजाबी डांडिया कार्यक्रम धूमधाम से मनाया



वेलकम इंडिया महमूद रजा

बिजनौर शहर में पंजाबी समाज द्वारा डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पंजाबी समाज की सैकड़ो महिलाओं ने धूमधाम और उत्सव के साथ डांडिया का कार्यक्रम आयोजित किया प्रारंभिक परिधान पहने हुए पंजाबी समाज की महिलाएं कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री हरजिंदर कौर ने पंजाबी सभा के सदस्यों का मनोबल बढ़ाया और इस कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की इस कार्यक्रम में बबली कालरा, अंजलि चांदना, श्रुति चोपड़ा, दीना भाटिया, प्रीति खन्ना और मेघा गंभीर सहित सैकड़ो महिला उपस्थिति रही।

# विधानसभा सम्मेलन का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** विधानसभा क्षेत्र के छतरी वाले मंदिर परिसर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान झविधानसभा सम्मेलन का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मंजू शिवाच, विधायक मोदीनगर रहीं। मुख्य वक्ता के रूप में अरुण वशिष्ठ, सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी, भारतीय जनता पार्टी ने आत्मनिर्भर भारत के विजन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक प्रगति पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी चैनपाल सिंह, जिला अध्यक्ष भाजपा गाजियाबाद ने की, जिन्होंने स्थानीय स्तर पर चल रहे जनकल्याणकारी अभियानों की जानकारी दी। कार्यक्रम में एक्सपर्ट वक्ता अरुण राघव (कर अधिवक्ता) ने उपस्थित जनसमूह को जीएसटी बचत उत्सव अभियान से संबंधित उपयोगी जानकारी दी और कर व्यवस्था में पारदर्शिता एवं आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि झआत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य केवल आर्थिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक के सशक्तिकरण का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत वैश्विक मंच पर नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। हमें स्थानीय स्तर पर उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण, और वोकल फॉर लोकल के संकल्प को साकार करने की दिशा में मिलकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष सतवीर राघव, शहर अध्यक्ष आकाश शर्मा, पवन सिंघल, जितेंद्र चित्तौड़ा, अमित चौधरी, नितिन जिंदल, सुदेश जैन, नवीन जायसवाल, नवेंद्र गौड, प्रदीप भारद्वाज, संजय भदोला आदि उपस्थित रहे।

# मोदी ग्लोबल स्कूल की शाखा प्रीटी पेंग्विंस में दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण दिवस मनाया गया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** प्रीटी पेंग्विंस स्कूल मे बड़े हर्ष और उत्साह के साथ दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान स्कूल नर्स प्रार्थना के साथ फामेर्सी कॉलेज के छात्र प्रियांशु त्यागी, अक्षय कुमार, वंशिका शर्मा, एवं राधिका द्वारा नन्हे छात्रों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसके अंतर्गत बच्चों की ऊँचाई, वजन, दाँतों और नाखूनों की सावधानीपूर्वक जाँच की गई। टीम ने प्रत्येक बच्चे को उनकी सेहत से जुड़ी छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखने की सलाह दी।बच्चों को अच्छे खान-पान, रोजाना सफाई, हाथ धोने की आदत और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में भी बताया गया। साथ ही, शिक्षकों ने बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए सही दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल हेडमिस्ट्रेस श्रीमती प्रेरणा वर्मा ने कहा कि, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। बच्चों का स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण है, और इस प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम बच्चों के समग्र विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम का समापन डॉक्टरों और शिक्षकों के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। सभी बच्चों ने खुशी के साथ यह वादा किया कि वे आगे से अपने स्वास्थ्य और स्वच्छता का पूरा ध्यान रखेंगे।

# पूर्व कैबिनेट गायत्री प्रसाद प्रजापति पर जानलेवा हमले की जांच मांग

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रमेश प्रजापति ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ उप जिलाधिकारी मोदीनगर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में प्रजापति ने बताया कि 30 सितंबर 2025 को जेल में सुरक्षा को धत्ता दिखाकर पूर्व कैबिनेट गायत्री प्रसाद प्रजापति पर जानलेवा हमला एक सजा याफ़्ता कैदी ने कर दिया यह सरकार व जेल प्रशासन की नाकामी का बहुत बड़ा उदाहरण है। उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री भारत सरकार, महामहिम राज्यपाल, व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को प्रेषित ज्ञापन में मांग की कि किन्हीं न्यायिक मजिस्ट्रेट से इस प्राण घातक हमले की जांच कराई जाए, दूसरा गायत्री प्रसाद प्रजापति को एक अलग बैरक में सुरक्षा के साथ रखा जाए, प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी को अन्य जनपद की जेल में स्थानांतरण किया जाए तथा गायत्री प्रसाद प्रजापति को पैरोल पर रिहा किया जाए। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से दूलीचंद प्रजापति पूर्व सभासद, सत्यवीर प्रजापति, पुनीत प्रजापति, प्रजापति रामपाल कनोरिया, कर्मवीर सिंह, मनीष बंसल, सचिन दीक्षित, सनी प्रजापति शनि आर्य, कन्हैया प्रजापति वह अमित कुमार प्रजापति मौजूद रहे।



# मंडावर डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तीकरण पर प्रभावी गोष्ठी का आयोजन



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**बिजनौर मंडावर।** सोमवार को मिशन शक्ति के पंचम चरण के अंतर्गत एक प्रभावशाली चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें महिला छात्राओं को नारी सम्मान, सुरक्षा, और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना था।ताकि वे अपने अधिकारों और अवसरों का बेहतर उपयोग कर सकें, गोष्ठी में उपस्थित छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई।

इनमें 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस हेल्पलाइन, 102 गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन हेल्पलाइन, और 1930 साइबर हेल्पलाइन शामिल हैं। उपस्थित लोगों को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों का उपयोग कर त्वरित सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही, महिलाओं और छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में भी जागरूक किया गया, ताकि वे अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहें।कार्यक्रम में उप-निरीक्षक प्रेरणा यादव, महिला कांस्टेबल रेनू, रीता, और महिला होमगार्ड गीता रानी ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

उन्होंने छात्राओं को न केवल जागरूक किया, बल्कि उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए प्रेरणादायक बातें भी साझा कीं। इस दौरान महिला हेल्पलाइन से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए, जिनमें महत्वपूर्ण जानकारी और संपर्क नंबर अंकित थे।यह गोष्ठी मिशन शक्ति के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। कॉलेज की छात्राओं ने इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे अपने लिए उपयोगी बताया। मंडावर डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य और स्टाफ ने भी इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

# परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर कोई भी व्यक्ति बिना शनाख्ती कार्ड के मौजूद न पाया जाए-जिलाधिकारी श्रीमती कौर

वेलकम इंडिया महमूद रजा




**बिजनौर** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज शाम 04:00 बजे कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा०) परीक्षा-2025 तथा सहायक वन उ०प्र० लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा(प्रा०)परीक्षा-2025 को नकलविहीन, सकुशल और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, वरिष्ठ कोषाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस संग्राम सिंह सहित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापक मौजूद थे। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट्स को निर्देशित करते हुए कहा कि उनकी जिम्मेदारी बहुत अहम है, पूरी सजगता और संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन आयोग द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुरूप कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दिन सेक्टर मजिस्ट्रेट्स कोषागार से प्रश्न पत्र प्राप्त करेंगे तथा परीक्षा के समय केंद्र में ही उपस्थित रहेंगे एवं परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को उन्हीं के द्वारा ट्रेजरी में जमा भी कराया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा केंद्रों में तैनात स्टाफ सहित सभी परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए की परीक्षार्थियों को प्रवेश देने से पूर्व अच्छी तरह उनकी तलाशी ली जाए और किसी भी अवस्था में मोबाइल अथवा कोई भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट लेकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश न करने पाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परीक्षा पूर्ण सावधानी पूर्वक नकल विहीन तथा शांतिपूर्वक संपन्न कराने में अपनी भागीदारी निभाएं और संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया में आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों में कोई भी व्यक्ति बिना शनाख्ती कार्ड के मौजूद नहीं रहना चाहिए।

## वाल्मीकि जयंती के आयोजकों की बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**बिजनौर।** नगीना थाना प्रभारी अवनीत मान ने महर्षि वाल्मीकि जयंती शांतिपूर्वक निकलवाने के लिए नगीना सर्किल क्षेत्र के वाल्मीकि जयंती के आयोजकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहां कि कोई भी नया धार्मिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा सोमवार की सुबह 10 बजे थाना परिसर में आयोजित बैठक में थाना प्रभारी अवनीत मान ने कहा कि वाल्मीकि जयंती और सौभाग्य यात्रा के साथ आने वाले सभी धार्मिक त्योहारो को सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं को सम्मान करते हुए मिलजुल कर मनाएं। थाना प्रभारी ने सभी वाल्मीकि जयंती आयोजकों से सामाजिक स्तर पर किसी प्रकार का वाद विवाद हो या कोई अलग से धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हो या आसपास में शराब के तत्व हो जीनसे शोभा यात्रा में विघ्न डालकर फिजा खराब करना चाहते हैं।

# एन सी सी कैंप के छठे दिन यातायात नियमों और सोशल सर्विस के बारे में दी महत्वपूर्ण जानकारी



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** पंचशील बालक इंटर कॉलेज नोएडा में 1.10.2025 से 13 यू पी वाहिनी एन सी सी गाज़ियाबाद के तत्वावधान में चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर -134 में कैंप के छठे दिन सुबह के समय एन सी सी कैडेट्स को पीटी के साथ साथ योग अभ्यास कराया तथा योगाभ्यास के लाभों के बारे मे बताया।स्वस्थ जीवन के लिये योगाभ्यास को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की सलाह दी।दितीय सत्र में पी आई स्टाफ द्वारा ड्रिल का अभ्यास कराया गया ।एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर एवं सुरभी त्यागी ने कैडेट्स को नेतृत्व के गुणों एवं व्यक्तित्व विकास के बारे में विस्तार से बताया। इसके उपरांत यातायात नियंत्रण विभाग से एसीपी राजीव कुमार गुप्ता के निर्देशन में आयी यातायात टीम ने कैडेट्स को यातायात के नियमों संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां से अवगत कराते हुए सभी को ट्रैफि क नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया ।हेडकांस्टेबल कपिल कुमार ने यातायात नियमों संबंधी जागरूकता सपथ दिलायी ।एसीपी राजीव कुमार गुप्ता ने सभी को सड़क पर चलते समय अपनी ओर दूसरों की जान माल की सुरक्षा के लिए यातायात अधिकारी द्वारा दिलायी गई शपथ का अनुसरण करने एवं सड़क पर चलते समय स्वयं के साथ साथ दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखने हेतु प्रेरित किया ।शाम के सत्र में कैडेट्स को गेम्स एवं खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया ।कैंप कमांडेंट कर्नल अमित भटनागर ने एन सी सी कैडेट्स से अनुशासन को अपने जीवन का हिस्सा बनाने तथा अच्छे नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया।

## प्रशासन की लापरवाही से निराश्रित गोवंश की गई जान



**स्याना.(बुलंदशहर)** विकासखंड ऊंचागांव क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर में ब्लॉक प्रशासन की लापरवाही से एक निराश्रित की जान चली गई रविवार शाम गांव रघुनाथपुर में ग्रामीणों को सूचना मिली कि एक निराश्रित गोवंश आँखों से अंधी है और वह प्राथमिक विद्यालय रघुनाथपुर के प्रांगण में पडी हुई है। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने तत्काल ग्राम सचिव जिला पशु चिकित्सा अधिकारी बुलन्दशहर को दी जिला पशु चिकित्सा अधिकारी ने तत्काल रूप से मौके पर पशु चिकित्सकों की टीम भेज दी अफसोस की बात ब्लॉक प्रशासन की तरफ से कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा और ना ही निराश्रित गोवंश को गौशाला पहुंचने की कोशिश की सुबह ग्रामीणों को सूचना मिली कि निराश्रित गोवंश की मृत्यु हो गई है।

## अमिट्टी के अवैध खनन पर कार्रवाई की मांग

**बुलंदशहर।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह राणा ने जनपद के जहांगीराबाद क्षेत्र के अमरगढ़ गांव और खानपुर क्षेत्र में हो रहे मिट्टी के अवैध खनन पर कड़ी नाराजगी जताई है। राणा ने जिलाधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एडीजी मेरठ जोन और डीआईजी मेरठ रेंज को पत्र भेजकर अवैध खनन रोकने व दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि खनन माफिया पुलिस और खनन विभाग की मिलीभगत से रात में मिट्टी का अवैध खनन कर रहे है। जिससे सड़कों पर मिट्टी फैलने से राहगीरों को परेशानी हो रही है। राणा ने चेतावनी दी कि यदि तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो आजाद अधिकार सेना सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेगी।

# शांति समिति की बैठक हुई सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**रामघाट.(बुलंदशहर)** आगामी त्यौहारों को लेकर नवागत थाना प्रभारी ने थाना प्रांगण में शांति समिति की ली बैठक नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक यंग बहादुर सिंह ने आगामी त्यौहारों को लेकर यह पहली बैठक ग्राम प्रधानों संभ्रांत लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव में कोई व्यक्ति संदिग्ध घूमता मिलता है गांव में जुआ सट्टा अवैध शराब बिक्री का कारोबार हो रहा है तो उसकी तुरंत सूचना सीयूजी नंबर 9454403167 हमको दे सूचना देने का वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा उन्होंने कहा अपने छोटे-छोटे बच्चों को गाड़ी चलाने को बिल्कुल नहीं दें और कोई भी व्यक्ति बिना हेलमेट के गाड़ी ना चलाएं और हमारी पुलिस चेकिंग अभियान दौरान चालान अवश्य काटेगी आप लोगों को फिर बुरा लगेगा इसलिए हेलमेट लगाकर चलें। उन्होंने कहा गांव में अपनी दुकान दरवाजे के सामने कोई भी व्यक्ति बाइक भैंस ट्रैक्टर गाड़ी ट्रॉली ईंट आदि से कोई भी व्यक्ति अतिक्रमण ना करें जिससे आम जनता को दिक्कत आए शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी इसलिए तुरंत हटा ले उन्होंने कहा व्यापारी वर्ग तथा सक्षम व्यक्ति अपने दरवाजे के सामने सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवा ले जिससे छोटी-मोटी घटना को विराम लग सके। थाना प्रभारी ने आगामी त्यौहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा प्रेम पूर्वक मनाने की अपील की है। बैठक में एस एस आई ऋषि पाल सिंह चौधरी मरजात सिंह हरिशंकर ऋषि पाल सिंह मनोज कुमार मोना अग्रवाल प्रदीप कुमार आशीष कुमार कृष्णपाल सिंह संजीत कुमार व भाजपा नेता सत्यवीर सिंह यादव ग्राम प्रधान वीरपाल सिंह यादव प्रधान पति लक्ष्मण शर्मा दुर्गेश शर्मा हिमांशु शर्मा महेश चंद पाठक पन्नालाल पाठक महेंद्र सिंह प्रधान थान सिहं आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने सुनी जन समस्याएं

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासनिक जवाबदेही को सशक्त करने की दिशा में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ निरंतर प्रयासरत हैं। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित दैनिक जनसुनवाई के दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएँ सुनीं और संबंधित विभागों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में इस बार प्रार्थियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जो यह दर्शाता है कि नागरिक प्रशासन से सीधे संवाद करने के इस माध्यम पर भरोसा जता रहे हैं। इस अवसर पर नगर निगम, पुलिस विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए), विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग और राजस्व विभाग सहित कई विभागों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने सभी प्रार्थियों की समस्याएँ ध्यानपूर्वक सुनीं और उनकी बातों को समझते हुए समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कई प्रार्थियों से यह भी जानकारी ली कि क्या पूर्व में भी इस संदर्भ में कोई शिकायत दर्ज कराई गई थी और उसका क्या परिणाम रहा। डीएम ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी समस्या को हल्के में न लिया जाए। प्रत्येक शिकायत पर समयबद्ध, ठोस और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होना चाहिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जो भी प्रार्थी अपनी समस्या लेकर आता है, उसकी बात पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनी जाए, और जहाँ संभव हो, मौके से ही कार्रवाई प्रारंभ की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्थलीय निरीक्षण योग्य शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि वास्तविक स्थलीय जांच के बाद ही किया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक अवश्य लिया जाए, ताकि निस्तारण की गुणवत्ता की वास्तविक समीक्षा की जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल फाइलों का निस्तारण नहीं, बल्कि जनता को वास्तविक राहत पहुंचाना है। जनसुनवाई तभी सार्थक है जब नागरिक महसूस करें कि उनकी समस्या को समझा गया है और उस पर प्रभावी कार्रवाई हुई है। जनसुनवाई के दौरान कई प्रार्थियों ने जलभराव, सड़क मरम्मत, भूमि विवाद, बिजली बिल, स्वास्थ्य सेवाओं और स्थानीय प्रशासनिक मुद्दों से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का निपटारा करें और यदि आवश्यक हो तो अगले 24 घंटे के भीतर स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. सन्तोष कुमार उपाध्याय और आईएएस प्रशिक्षु अयान जैन भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी नागरिकों से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की और जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही के लिए विभागों के साथ समन्वय किया। डीएम माँदड़ की कार्यशैली और तत्परता ने नागरिकों के बीच प्रशासन के प्रति भरोसे को और मजबूत किया है। जनसुनवाई में शामिल प्रार्थियों ने कहा कि जिलाधिकारी स्वयं हर व्यक्ति की बात ध्यान से सुनते हैं और उनकी संवेदनशीलता प्रशासन की छवि को मानवीय स्वरूप प्रदान करती है। कार्यक्रम के समापन पर जिलाधिकारी ने पुनः दोहराया कि जनता की समस्या हमारी प्राथमिकता है। हर विभाग यह सुनिश्चित करे कि कोई भी प्रार्थी बिना समाधान के वापस न जाए। प्रशासन का दरवाजा हमेशा जनता के लिए खुला रहेगा।

# दीपावली से पहले नगर निगम ने शुरू किया शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाने के लिए वृहद सफाई अभियान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** महापर्व दीपावली से पूर्व गाजियाबाद नगर निगम ने शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाने के लिए वृहद सफाई अभियान शुरू कर दिया है। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से शहर के प्रमुख मार्गों के साथ-साथ आंतरिक वार्डों में भी सफाई और सौंदर्यकरण का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत कूड़ा डालने के लिए उपयोग हो रहे अव्यवस्थित स्थानों को समाप्त कर वहां इंटरलॉकिंग, गमले और बेंच लगाकर सुंदर स्थल बनाया जा रहा है। नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने वार्डों और घरों के बाहर कूड़ा न डालें और सफाई अभियान में सहयोग करें। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश ने बताया कि घरों से निकलने वाले कूड़े को डोर-टू-डोर कलेक्शन वाहन एकत्र कर रहे हैं। जहां कहीं भी कूड़ा दिखाई देता है, नगर निगम उसे हटाकर सौंदर्यकरण कर रहा है। वार्ड संख्या 84 राजनगर, 9 पटेल नगर मुकुंद नगर, 4 विजयनगर, 14 सेक्टर 9 विजय नगर, 85 राजेंद्र नगर, 88 गांधीनगर, 83 श्याम पार्क मोहन नगर, 9 शिब्बनपूरा और 62 कवि नगर हरसाव में सफाई अभियान के तहत कूड़ा हटाने के साथ घरों के पीछे वाली गलियों को भी पेंटिंग और सजावट के माध्यम से सुंदर बनाया गया है। वसुंधरा क्षेत्र के वार्ड संख्या 79 अभय खंड, 81 शक्ति खंड, 40 साहिबाबाद डिपो और 79 न्याय खंड मकनपुर विस्तार में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। नगर आयुक्त ने लोगों से आग्रह किया है कि दीपावली से पहले न केवल अपने घर को स्वच्छ रखें, बल्कि अपने वार्डों को भी साफ-सुथरा बनाएँ। उन्होंने कहा कि नगर निगम सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा डालने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करेगा और जुमार्ना लगाया जाएगा। क्षेत्रीय पार्षदों ने भी इस अभियान में विशेष सहयोग किया है, जिससे शहर में सफाई और सौंदर्यकरण का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। नगर निगम के इस अभियान के परिणामस्वरूप न केवल शहर के प्रमुख मार्ग बल्कि आंतरिक वार्ड भी स्वच्छ और आकर्षक बन रहे हैं। निगम का उद्देश्य है कि दीपावली के महापर्व पर गाजियाबाद न केवल अपने घरों के लिए बल्कि पूरे शहर के लिए स्वच्छ और सुंदर दिखे।

नगर आयुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे सफाई और सौंदर्यकरण में सक्रिय भागीदारी निभाएँ, ताकि शहर दीपावली पर सज-धज कर चमक उठे।

# समय पर लोन ना चुकाने पर सुनाई सजा एवं जुमार्ना

SHRIRAM
Transport Finance Company Limited
A WINNING RELATIONSHIP

वेलकम इंडिया

श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के कलेक्शन मैनेजर दीपक सारस्वत एवं एडवोकेट अजय चौधरी ने बताया कि ऋणकर्ता जावेद अली पुत्र नूर मोहम्मद डासना गाजियाबाद निवासी द्वारा वाहन संख्या ल्फ55फ-5487 पर लोन लिया था, जोकि समय पर नहीं चुकाने पर कंपनी द्वारा चैक ब्राउंसिंग का कड़कड़डूमा कोर्ट में वाद दायर किया गया था। जिसमें ऋणकर्ता जावेद अली को दोषी पाया गया, माननीय न्यायालय आकाश मोहन सिंह द्वारा दिनांक 23 /09/2025 को फैसला सुनाया गया।जिसमें अभियुक्त को 6 महीने की साधारण कैद की सजा दी गई। साथ ही ?12,00,000/- (12 लाख रुपये) का जुमार्ना भी लगाया गया।साथ ही आदेश में यह राशि 30 दिन के अंदर शिकायतकर्ता को देना अनिवार्य किया गया है।

# राजनगर एक्सटेंशन की 30 मीटर चौड़ी सड़क बनेगी विकास की नई धुरी

वेलकम इंडिया



3.40 किलोमीटर लंबी सड़क का 1200 मीटर निर्माण पूरा, 700 मीटर पर कार्य प्रगति पर

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष अतुल वत्स के कुशल नेतृत्व में राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में आधारभूत ढांचे के विकास की रफ्तार लगातार तेज हो रही है। इन्हीं में से एक अहम परियोजना केडीपी गोलचक्कर से भट्टा संख्या-5 होते हुए हम-तुम रोड तक जाने वाली 30 मीटर चौड़ी सड़क- अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। लगभग 3.40 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण क्षेत्र के लिए नई जीवनरेखा साबित होने जा रहा है। परियोजना के तहत अब तक करीब 1200 मीटर सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि 700 मीटर हिस्से पर तेजी से काम चल रहा है। इस मार्ग का निर्माण वर्षों से रुका हुआ था, क्योंकि किसानों के विरोध और भूमि विवादों के कारण परियोजना ठप पड़ी थी। लेकिन जीडीए उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स के सक्रिय हस्तक्षेप, निरंतर समीक्षा और संवाद की बदौलत सभी पक्षों के बीच आपसी सहमति बनी और कार्य पुनः प्रारंभ कराया गया। परिणामस्वरूप अब यह सड़क अपने तय स्वरूप की ओर अग्रसर है। सड़क निर्माण के साथ-साथ सीवर लाइन और नाली का कार्य भी समानांतर रूप से संचालित किया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में किसी प्रकार की पुनर्खनन या अव्यवस्था की स्थिति न बने। यह 30 मीटर चौड़ी सड़क न केवल राजनगर एक्सटेंशन की कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करेगी, बल्कि इसे आउटर रिंग रोड और जीडीए की हरनंदीपुरम योजना से भी जोड़ेगी। इससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में नई सुविधा मिलेगी और ट्रैफिक दबाव में उल्लेखनीय कमी आएगी। दिल्ली से आने वाला यातायात अब भट्टा नंबर-5 के रास्ते होते हुए सीधे मेरठ रोड तक पहुंच सकेगा, जिससे मार्ग का उपयोग करने वाले यात्रियों को वैकल्पिक और सुगम रास्ता मिलेगा।

# बी.डी.एस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने जाना सफलता का मंत्र

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर में सोमवार को 26वाँ बी.डी.एस (2025-29) सत्र बड़े हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हुआ। नए सत्र के स्वागत में बी.डी.एस ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसे विशिष्ट अतिथि डॉ. आर.सी. गुप्ता (प्रधानाचार्य, एल.एल.आर.एम मेडिकल कॉलेज एवं डीन मेडिकल फैकल्टी, चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ), आई.टी.एस-दि एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा, वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा एवं डायरेक्टर-प्रिंसिपल डॉ. देवी चरण शेट्टी ने संयुक्त रूप से संपन्न किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. शिवानी माथुर, डीन-यूजी स्टडीज (प्रोफेसर, पीडियाट्रिक एंड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग) द्वारा स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने सभी नए विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि यह दिन विद्यार्थियों के जीवन की नई शुरूआत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दंत चिकित्सा का क्षेत्र निरंतर प्रगति पर है, और आई.टी.एस जैसी संस्थाएँ ही आने वाले समय के अग्रणी डेंटल प्रोफेशनल्स को तैयार कर रही हैं। इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों द्वारा संस्थान की 25वीं वर्षगांठ की स्मारिका का लोकार्पण किया गया। इसके पश्चात मेधावी यूजी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए, जिन्होंने अकादमिक उत्कृष्टता में मिसाल कायम की।

आई.टी.एस-दि एजुकेशन ग्रुप के डायरेक्टर (पी.आर.) सुरेन्द्र सुद ने समूह की स्थापना, उसके उद्देश्यों और शिक्षा के क्षेत्र में उसकी प्रगति की जानकारी दी।

# ग़ाज़ियाबाद में धर्म स्वतंत्रता कानून के समर्थन में प्रेस वार्ता का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** सर्व समाज ग़ाज़ियाबाद के बैनर तले आज सोमवार को श्री ठाकुर द्वारा मंदिर हापुड़ मोड़, ग़ाज़ियाबाद में धर्म स्वतंत्रता कानून के समर्थन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया इसकी अध्यक्षता स्वामी जीवन ऋषि महाराज (नाथ संप्रदाय) ने की, स्वामी जी ने कहा कि भारत धर्मनिष्ठ भूमि है जहाँ सनातन परंपराएँ हमारी पहचान हैं। धर्म स्वतंत्रता कानून समाज में बढ़ते अवैध धर्मांतरण के प्रयासों पर नियंत्रण लगाने के लिए एक आवश्यक कदम है। यह कानून किसी धर्म के विरोध में नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक अखंडता और आध्यात्मिक संतुलन की रक्षा के लिए लाया गया है। स्वामी जीवन ऋषि महाराज ने कहा की धर्म स्वातंत्र्य का अनुच्छेद 25 न केवल धर्म बदलने की, बल्कि प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म में सुरक्षित रहने की स्वतंत्रता भी सुनिश्चित करता है। धर्मांतरण पर स्पष्ट दृष्टिकोण छल, बल और प्रलोभन पर आधारित धर्मांतरण को व्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन और समाज की सांस्कृतिक अस्मिता पर सीधा आघात माना गया है। मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों द्वारा बनाए गए धर्म- स्वातंत्र्य कानून किसी की आस्था छीनते नहीं, ब्लकि नागरिकों को दबावमुक्त धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देते है और देश के सांस्कृतिक संतुलन की रक्षा करते हैं। इन कानूनों को सुप्रीम कोर्ट में सामूहिक रूप से चुनौती देने को एक सुनियोजित षड्यंत्र के रूप में देखा गया, जिसका उदेश्य भारत के मूल सांस्कृतिक ताने-बाने को तोड़ना है। महाराज जी ने आवाहन किया कि समाज इस षड्यंत्र को पहचानें और धर्म-स्वातंत्र्य कानूनों का पुरजोर समर्थन करे। ये कानून केवल हिन्दू समाज ही नहीं ब्लकि भारतीयता के रक्षक है सर्व समाज ग़ाज़ियाबाद ने इस संदर्भ में 11 अक्टूबर 2025 को एक विशाल प्रदर्शन आयोजित करने की भी घोषणा की है, जिसमें पूरे गाजियाबाद जिले के लोनी, खोड़ा, इंदिरापुरम, मोदीनगर, मुरादनगर, ऐसे प्रमुख क्षेत्र से पूज्य संत और धर्मनिष्ठ नागरिक भाग लेंगे।

# टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का गुस्सा उफान पर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता को लेकर देशभर में चल रहे विरोध प्रदर्शनों की गूंज अब गाजियाबाद में भी तेज हो गई है। जिले के हजारों शिक्षक लगातार काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य कर रहे हैं, जिससे उनका शांतिपूर्ण विरोध पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर यह विरोध 25 सितंबर से प्रारंभ हुआ है और 15 अक्टूबर तक जारी रहेगा। इस अवधि में सभी सेवारत शिक्षक अपने शिक्षण कार्य के दौरान काली पट्टी पहनकर सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना असंतोष प्रकट कर रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय में कहा गया है कि देश के सभी सेवारत प्राथमिक शिक्षकों को सेवा में बने रहने और पदोन्नति के पात्र होने के लिए टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। जिन शिक्षकों की सेवा में केवल 5 वर्ष शेष हैं, उन्हें अस्थायी छूट दी गई है, लेकिन पदोन्नति के लिए उन्हें भी टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि जो शिक्षक 2 वर्षों में यह परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाएंगे।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को गति देने के लिए सीडीओ ने की समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ की गई महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सोमवार को विकास भवन गाजियाबाद में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रगति, विभागवार शिकायतों के निस्तारण और प्रचार-प्रसार की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह योजना ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसका उद्देश्य हर घर को स्वच्छ, सस्ती और सतत सौर ऊर्जा से जोडा है।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से किया जाए, ताकि लाभार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक के दौरान सीडीओ अभिनव गोपाल ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से शिकायतों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

# साध्य, साधन, साधक और साधना विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** केंद्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में सोमवार को साध्य, साधन, साधक और साधना विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह गोष्ठी कोरोना काल से 741वां वेबिनार थी, जिसमें देशभर से श्रद्धालु और साधक जुड़े। गोष्ठी के मुख्य वक्ता वैदिक विदुषी विमलेश बंसल दर्शनाचार्या ने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि भारत की ऋतु चक्र और पारंपरिक पर्व न केवल जीवन का आनंद बढ़ाते हैं, बल्कि हमें आत्मबल, भक्ति और नैतिकता के साधन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि साध्य, साधन, साधक और साधना हमारे जीवन की चार आत्मिक आधारशिला हैं।

विमलेश बंसल ने उदाहरण देते हुए कहा कि नवरात्रि के नौ दिन आत्मबल और भक्ति के साधन हैं, रामनवमी आदर्श जीवन का साध्य प्रस्तुत करता है, राम उत्सव साधक की तपस्या और विजय की प्रेरणा देता है, और दशहरा बुराई पर अच्छाई की साधना का पर्व है। उन्होंने बताया कि जीवन में परिवर्तन ऋतु के समान है, और प्रत्येक परिवर्तन हमें साधना के माध्यम से साध्य की ओर बढ ? का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि जब साधक सही साधनों का प्रयोग कर साधना करता है, तब उसका जीवन न केवल समाज के लिए प्रेरक बनता है, बल्कि संस्कृति और मानवता का मार्गदर्शन भी करता है। गोष्टि के दौरान मुख्य अतिथि अनिता रेलन और अध्यक्ष कुसुम भंडारी ने कर्म और सतत प्रयास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि साधक को लगातार प्रयास और धर्मनिष्ठा से ही अपने साध्य की प्राप्ति संभव है। केंद्रीय आर्य युवक परिषद् के परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। गोष्ठी का समापन प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। गोष्ठी में कमला हंस, जनक अरोड़ा, प्रवीना ठक्कर, रविंद्र गुप्ता, कौशल्या अरोड़ा सहित अन्य कलाकारों ने मधुर भजन प्रस्तुत किए। इन भजनों ने कार्यक्रम के आध्यात्मिक और भावनात्मक महत्व को और उभार दिया। गोष्ठी का उद्देश्य केवल आध्यात्मिक विचार साझा करना नहीं था, बल्कि सभी प्रतिभागियों को प्रेरित करना था कि वे सच्चे साधक बनकर अपनी साधना को जीवन में उतारें जिससे उनका जीवन साध्य की प्राप्ति और समाज कल्याण का मार्ग प्रदर्शित करे। विमलेश बंसल दर्शनाचार्या ने अंत में सभी से अपील की आओ हम सब सच्चे साधक बनें और अपनी साधना को बढ़ाएं, जिससे साध्य को प्राप्त कर सकें और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकें।

